# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–200 । सागर, शुक्रवार, 8 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर की बैठक हुई, राघवदास को बनाया महंत — पृष्ठ 2
▪ हिंदुत्व की जगह सनातन का बाना धारण करने की जुगत ▪ 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकतंत्र और संघवाद पर हमला — पृष्ठ 4
▪ वनविभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित 3 अधिकारियों को नोटिस जारी — पृष्ठ 6
पर्चा तो बहाना है, पूरे भारत को हनुमान जी का बनाना है: पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### सुभाष चंद्र बोस के पोते ने छोड़ी भाजपा



**कोलकाता, एजेंसी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र बोस ने भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने वादा किया था कि वो नेताजी की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगें। लेकिन उन्होंने इस पर कोई भी कदम नहीं उठाए। चंद्र बोस 2016 में बीजेपी में शामिल हुए थे। उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ा था।

उन्होंने जेपी नड्डा को लिखे इस्तीफे में कहा कि जब मैं भाजपा में शामिल हुआ था तो मुझसे वादा किया गया था कि मुझे सुभाष चंद्र बोस और उनके भाई सरत चंद्र बोस की विचारधारा को बीजेपी के मंच से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। हमने भाजपा में आजाद हिंद मोर्चा बनाने का निर्णय भी लिया था। जिसका उद्देश्य धर्म, जाति, पंथ के बावजूद देश के सभी समुदायों को एक भारतीय के रूप में एकजुट करना था। ऐसा करना देश को एकजुट रखने के लिए जरूरी था। चंद्र बोस के भाजपा छोड़ने पर पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्या ने कहा कि बोस लंबे समय से पार्टी के साथ संपर्क में नहीं थे। चंद्र बोसे पार्टी छोड़ने से पहले भी कई बार पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़े कर चुके हैं। उन्होंने 2019 में सीएए का भी विरोध किया था।

### त्रिपुरा उपचुनाव में मतगणना का बहिष्कार करेगी माकपा

**अगरतला, एजेंसी।** माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा धनपुर और बॉक्सनगर की दो विधानसभा सीटों पर मंगलवार को हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के समर्थकों और गुंडों पर बड़े पैमाने पर धांधली व अनियमितता करने और इससे निपटने में चुनाव आयोग की निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को वोटों की गिनती का बहिष्कार करने का फैसला किया है। सीपीआई (एम) के त्रिपुरा राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने डराने-धमकाने के इस नए अंदाज को नजरअंदाज कर दिया।

### जम्मू में आयोजित होगा पहला 'एयर शो'

**श्रीनगर, एजेंसी।** वायु सेना (आईएएफ) के लड़ाकू विमान जम्मू में पहली बार 'एयर शो' में पश्चिमी सीमाओं के करीब आसमान में अपना करतब दिखाएंगे।

जम्मू में शुरू 21 सितंबर को आयोजित होने वाला पहला एयर-शो है, जो भारतीय वायुसेना द्वारा आठ अक्टूबर, 2023 को अपनी 91वीं वर्षगांठ के हिस्से के रूप में मनाएगा। इस दौरान पाकिस्तानी सीमा के निकट आसमान में सुखोई, राफेल जैसे लड़ाकू विमान और अपाचे जैसे युद्ध-हेलीकॉप्टर अपना करतब दिखाते नजर आएंगे।

### टीएमसी ने पुलिस से धरना देने की मांगी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) ने दिल्ली पुलिस से दो-तीन अक्टूबर को कृषि भवन परिसर में राज्य के उन श्रमिकों को शामिल करने के लिए धरना आयोजित करने की अनुमति मांगी है, जिन्हें कथित तौर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) 2005 योजना के तहत मजदूरी से वंचित कर दिया गया है। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने इस बारे में दिल्ली पुलिस को पत्र लिखा था।

### कुनबी मराठों के लिए आरक्षण कोटा का आदेश जारी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को 'निजाम युग' के कुनबी जाति (ओबीसी) दस्तावेजी प्रमाण वाले लोगों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने का आदेश जारी किया।

इसका मतलब यह होगा कि कुनबी जाति प्रमाण के साथ मराठा ओबीसी आरक्षण के लिए पात्र होंगे। इससे जालना में पिछले 10 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे मनोज जारांगे-पाटिल की मांगों में से एक पूरी हो जाएगी।

---

20वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन

# भारत ने सहयोग बढ़ाने 12 सूत्रीय प्रस्ताव दिया

▪ आर्थिक गलियारे की स्थापना करने पर दिया जोर
▪ आसियान-भारत कोष स्थापित होगा



**जकार्ता, एजेंसी।** भारत ने आसियान के साथ अपने सहयोग एवं समग्र रणनीतिक साझीदारी को मजबूत बनाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है जिसमें कनेक्टिविटी, डिजिटल परावर्तन, व्यापार और आर्थिक जुड़ाव, समकालीन चुनौतियों का समाधान, लोगों के बीच संपर्क और रणनीतिक जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाना शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां जकार्ता में 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में, प्रधान मंत्री ने आसियान-भारत समग्र रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने और इसके भविष्य के रोडमैप को तैयार करने पर आसियान भागीदारों के साथ व्यापक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में आसियान की केंद्रीयता की पुष्टि की और भारत के हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल (आईपीओआई) और हिन्द प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला। उन्होंने आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने भारत-आसियान सहयोग को मजबूत करने के लिए 12-सूत्रीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रस्ताव में दक्षिण-पूर्व एशिया-भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप को जोड़ने वाले मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और आर्थिक गलियारे की स्थापना करने ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### चीन की विस्तारवादी नीतियों पर भारत का प्रहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आह्वान किया कि दक्षिण चीन सागर में समुद्री कानूनों पर संयुक्त राष्ट्र की संधि (यूएनसीएलओएस) पर आधारित आचार संहिता अमल में लायी जाए तथा इस बात पर जोर दिया कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह अनुपालन करते हुए सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता को सुदृढ़ करने के लिए सबकी प्रतिबद्धता और साझा प्रयास सुनिश्चित किये जाएं। श्री मोदी ने आज यहां 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में चीन की विस्तारवादी नीतियों को खारिज कर दिया और उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति जवाबदेह बनने की नसीहत दी।

---

कांग्रेस ने मनाई 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ

# नफरत के बाजार में खुल रही मोहब्बत की दुकानें



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि आज उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ है और तब से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें लगातार खुल रही हैं। श्री गांधी ने एक्स पर लिख, 'भारत जोड़ो यात्रा' का एक साल। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खुल रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा के एकता और मोहब्बत की ओर करोड़ों कदम, देश के बेहतर कल की बुनियाद बने हैं। यात्रा जारी है- नफरत मिटने तक, भारत जुड़ने तक। ये वादा है मेरा।' इसके साथ ही उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा पर एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें भारत जोड़ो यात्रा की झांकियां प्रदर्शित की गई है।

### अलग-अलग रूपों में यात्रा आज भी जारी : जयराम

पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी। यह यात्रा बढ़ती आर्थिक असमानता, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीवीकरण और राजनीतिक तानाशाही जैसे विषयों पर केंद्रित थी। राहुल गांधी ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने दी बधाई



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री गांधी को इस यात्रा के लिए बधाई दी और कहा 'भारत जोड़ो यात्रा' के एक वर्ष पूरे होने पर, मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, सभी भारत यात्रियों और हमारे लाखों नागरिकों को बधाई देता हूं जो इस यात्रा में शामिल हुए।' उनके इस प्रयास से कांग्रेस को जबरदस्त मजबूती मिली है।

### भारत व इंडिया में भिड़ंत कराने की हो रही साजिश

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा देश में भारत और इंडिया की बीच भिड़ंत करने की कोशिश की जा रही है और इस साजिश के पीछे कौन लोग हैं इसका उनकी पहचान हो चुकी है इसलिए उन्हें देश की जनता करारा जवाब देगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, सवाल है कि एक जुड़ा हुआ भारत किसे परेशान कर सकता है। वे कौन ताकतें हैं जो 'भारत' को 'इंडिया' से भिड़वा रही हैं। आज यह सवाल बेहद जरूरी है ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

---

पहली बार दिल्ली से बाहर हुआ आयोजन : मुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने वितरित किए पुरस्कार

# राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में इंदौर प्रथम



### भोपाल को 5वां, जबलपुर को 13वां और ग्वालियर को मिला 41 वां स्थान, सागर और देवास भी हुए पुरस्कृत

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। देश के 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में अव्वल रहने पर इंदौर को 1 करोड़ 10 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही भोपाल को 5वां, जबलपुर को 13वां और ग्वालियर को 41 वां स्थान प्राप्त हुआ है। 3 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में सागर को देश में 10 वां और 3 लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास को छटवां स्थान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पयार्वरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने प्रदान किए। आयोजन की खास बात यह रही कि यह पहला मौका है जब यह आयोजन दिल्ली से बाहर किसी अन्य राज्य में हुआ है।

वहीं इस कार्यक्रम में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में आगरा को एक करोड़ रुपए का द्वितीय और महाराष्ट्र के ठाणे को 50 लाख रुपए का तृतीय प्रदान किया गया। जबकि 3 से 10 लाख आबादी की श्रेणी में अमरावती को पहला पुरस्कार 75 लाख रुपए, मुरादाबाद को दूसरा पुरस्कार 50 लाख और गुंटूर को तीसरा पुरस्कार 25 लाख रुपए का प्रदान किया गया। इधर 3 लाख से कम आबादी की श्रेणी में हिमाचल प्रदेश के परवानू को 37.50 लाख का प्रथम और काला अंब को 25 लाख रुपए का द्वितीय तथा उड़ीसा के अंगुल को 12.50 लाख रुपए का तृतीय पुरस्कार दिया गया।

इसके पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मिशन लाइफ, गौ-काष्ठ, अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन कैप्चर, प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, क्लीन एयर प्रोजेक्ट, सेल्फी कियोस्क, सीमेंट उद्योग में प्रदूषण नियंत्रण, आदि पर केंद्रित प्रदर्शनी का फीता काट कर उदघाटन किया। इस मौके पर शहरों द्वारा वायु प्रदूषण कम करने के श्रेष्ठतम प्रयासों पर केंद्रित पुस्तक सार संग्रह का विमोचन हुआ और स्वच्छ वायु कार्यक्रम की सफलता की कहानियों तथा मिशन लाइफ पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग, प्रमुख सचिव गुलशन बामरा सहित भारत सरकार के अधिकारी, विभिन्न नगर निगमों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पर्यावरण अनुकूल शैली अपनाना समय की आवश्यकता : शिवराज

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रीय कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करने वाले नगरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वायु शुद्ध रखने के लिए किए गए कार्य आगामी पीढ़ियों को सुरक्षित रखने का प्रयास हैं। प्रदेश के पर्यावरण संरक्षण और वायु की शुद्धता के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे, क्योंकि यह गतिविधियां प्रदेश को गौरवान्वित करने के साथ मानवता के कल्याण की दिशा में भी योगदान देती हैं। पर्यावरण अनुकूल शैली अपनाना समय की आवश्यकता है। पर्यावरण पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव के कारण वर्षा भी असामान्य रूप से होती है। इन संकेतों को हमें समझना होगा और वैश्विक स्तर पर निर्मित हो रही इस स्थिति को सुधारने में अपना योगदान देना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण से प्रेम भारत की माटी में है। भारतीय संस्कृति की मान्यता है कि प्रकृति का शोषण नहीं अपितु उसका दोहन किया जाए। हम प्रकृति से उतनी मात्रा में ही संसाधन लें, जिसकी भरपाई की जा सके। श्री चौहान ने कहा कि मैंने ढाई साल पहले प्रतिदिन स्वयं पौधा लागने का संकल्प लिया, मेरे इस प्रयास से लोग जुड़ते गए और अब पौधरोपण प्रदेश में अभियान बन गया है।

### सरकार स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध : यादव

केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि 15 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के सभी लोगों को स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। उन्होंने स्वस्थ और उत्पादक जीवन का आश्वासन देते हुए समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से सौ से अधिक शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य और योजना की घोषणा की थी। इसके अनुपालन में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत में शहर और क्षेत्रीय पैमाने पर वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कार्यों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में एक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) को लागू किया गया। इसके अंतर्गत 131 शहरों को चिन्हित किया गया है। समन्वय, सहयोग, भागीदारी और सभी हितधारकों के निरंतर ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

---

# जेएनयू में दिव्यांग छात्र की पिटाई, हालत गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां पीएचडी कर रहे एक दिव्यांग छात्र फारुख आलम की पिटाई का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है. फिलहाल गंभीर हालात में छात्र को एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### एनएसयूआई ने विद्यार्थी परिषद पर लगाया आरोप, कहा- विवि में अब वैचारिक बहस नहीं, मारपीट होती है

विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एनएसयूआई के छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों पर मारपीट आरोप लगाया है. उनका कहना है कि जिस तरीके से परिसर के अंदर विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने एक दिव्यांग छात्र के साथ मारपीट की है, यह काफी निंदनीय है.एनएसयूआई छात्रों का कहना है कि जेएनयू परिसर अब पढ़ाई के लिए कम और मारपीट के लिए अधिक जाना जा रहा है. इसके लिए विद्यार्थी परिषद जिम्मेदार हैं, इस संगठन को प्रशासन और राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। एनएसयूआई के छात्रों ने बताया कि घायल छात्र इस विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहा हैं। उसकी पीएचडी दो महीने में खत्म होने वाली है.बुधवार दोपहर जेएनयू प्रशासन एक पुराने मामले में कावेरी हॉस्टल में रह रहे पीड़ित छात्र का कमरा खाली कराने के लिए आया था. जेएनयू प्रशासन के साथ विद्यार्थी परिषद से जुड़े कुछ छात्र भी आये थे, जिन्होंने ना सिर्फ लड़ाई झगड़ा किया, बल्कि दिव्यांग होने के बावजूद उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। इस दौरान वह बेहोश हो गया, जिसके बाद उसे एम्बुलेंस से एम्स में भर्ती कराया गया।

---

जी-20 सम्मेलन के लिए मेहमानों का आना शुरू

# मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट के लिए विदेशी मेहमानों का आना गुरुवार को शुरू हो गया है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ सम्मेलन के लिए पहुंच गए हैं। उन्होंने सम्मेलन की थीम- वन अर्थ, वन फैमिली एंड वन फ्यूचर के लिए कहा कि मुझे लगता है कि इससे बेहतर थीम हो ही नहीं सकती थी जिसे भारत ने चुना है। इसे संस्कृत के 'वसुधैव कुटुंबक' से लिया गया है।

जुगनौथ ने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हैं तो यह और भी प्रासंगिक है। क्योंकि एक देश जो करता है, उसका असर न केवल उस देश पर बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए, हमें सामूहिक रूप से यह दिखाना होगा और हमें सामूहिक रूप से इस पर काम करना होगा। हम में से हरेक का कर्तव्य है कि हम ग्रह को बचाएं और पूरी आबादी को बचाएं।




### सम्मेलन से पहले दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाई गई

जी20 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मार्च कर रही है, गश्त और चेकिंग बढ़ा रही है। यह जानकारी गुरुवार को एक अधिकारी ने दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, शहर के हर जिले में रोजाना फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

### 1.5 लाख जवान तैनात किए गए




देश की राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितम्बर को जी-20 सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। सम्मेलन में विश्व नेताओं की सुरक्षा के लिए देशभर के 1.5 लाख जवान तैनात किए गए हैं।

वहीं, दिल्ली पुलिस के जवान राजघाट इलाके में ट्रैक्टर से गश्त कर रहे हैं।

### 10 हजार फीट ऊंचाई पर लहराया जी-20 का झंडा

भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर गजेंद्र ने गुरुवार को 10000 फीट से स्काई डाइविंग करते हुए जी-20 का झंडा फहराया। वीडियो के बैकग्राउंड में बॉलीवुड की फिल्म 83 का सॉन्ग 'लहरादो' गाना बज रहा थी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन आज पहुंचेंगे



**60 गाड़ियों का काफिला चलेगा साथ**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 8 सितंबर को 3 दिन के दौरे पर भारत आ रहे हैं। ये राष्ट्रपति बनने के बाद उनका पहला भारत दौरा होगा। वो शाम को एयरफोर्स-1 से दिल्ली पहुंचेंगे। 8 सितंबर को बाइडेन प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। पहले व्हाइट हाउस ने बताया था कि वो 7 सितंबर से दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। अब व्हाइट हाउस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि वो अमेरिका से जर्मनी के रैम्स्टीन शहर जाएंगे। बाइडेन को दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में ठहराया जाएगा। बाइडेन की सुरक्षा के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की टीम 3 दिन पहले ही भारत पहुंच चुकी है। बाइडेन सीक्रेट सर्विस के 300 कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। दिल्ली की सड़कों पर निकलने वाला सबसे बड़ा काफिला भी उनका ही होगा, जिसमें 55-60 गाड़ियां शामिल होंगी।

## सार-समाचार

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा का कांग्रेस सेवादल ने किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पवित्र दिन गुरुवार को यादव समाज ने शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए तीनबत्ती पहुंची जहां कांग्रेस सेवादल परिवार ने शोभायात्रा का पूर्ण भक्तिभाव से स्वागत किया। शोभायात्रा में सम्मिलित यदुवंशियों पर पुष्प वर्षा कर सभी को कृष्ण जन्म की शुभकामनाएं दी। स्वागत कर्ताओं में अमित दुबे रामजी, शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, अंकुर यादव, निक्की यादव, रवि जैन, तरूण सैनी, अन्नू घोषी आदि उपस्थित रहे।

### सर्वश्रेष्ठ श्रीकृष्ण स्वरूप को सम्मानित किया गया



**राहतगढ़, देशबन्धु।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मां सरस्वती के पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। नन्हे मुन्ने बच्चे श्री कृष्ण के स्वरूपों में नजर आए। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ श्रीकृष्ण धारण स्वरूप को शील्ड एवं उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं रात्रि में सनातन परिवारों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम किए गए। नगर के श्री देव श्यामलिया जी सरकार मंदिर, श्री राघव जी मंदिर, श्री बिहारी जी मंदिर में रात्रि 12 बजे भगवान का जन्म उत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की उद्घोष करते रहे।

### वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया



**सागर, देशबन्धु।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर युवा यादव समाज के द्वारा विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली का युवा भाजपा नेता अर्पित पाण्डेय द्वारा कबूलापुल पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जिसमें निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, कौशल यादव, राहुल नामदेव, कुलदीप खटीक, अमित रावत, प्रतीक मिश्रा, राहुल टुटेजा सहित रैली बड़ी संख्या में जिले से आये यादव बंधु उपस्थित रहे।

### प्रचार रथ के मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधाएं न हो: कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** मप्र सरकार की योजनाओं एवं विकास और गरीब कल्याण महा अभियान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिले में चार प्रचार रथों को कलेक्टर दीपक आर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्ट्रेट परिसर से इन प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर निर्धारित रुट चार्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों की ओर रवाना किया गया। कलेक्टर ने बताया कि समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने-अपने जनपद पंचायत के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। इनकी मॉनिटरिंग करने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे। वे शासन के द्वारा दिए गए निर्दशो का निर्वहन भी करेंगे। शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आईशर केंटर वाहन पर बड़ी एलईडी वाल भी लगाई गई है। जिसके माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर योजनाओं की उपलब्धियों से संबंधित आडियो विजुअल सामग्री व फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदेश भर में राज्य शासन की उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं को रेखांकित करने ये प्रचार रथ जिले में 40 दिनों तक भ्रमण करेंगे। प्रति दो विधान सभा क्षेत्र में एक प्रचार रथ शहरी के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करेगा।

### आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ने ई-खसरा परियोजना की लागू

**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ने ई.खसरा परियोजना को लागू किया है। जिसके तहत अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार नायब तहसीलदार एवं समस्त पटवारियों की आईडी मोडीफिकेशन अपडेशन कार्य हेतु बनाई गई है। इस परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आईटी सेन्टर स्थापित किये गये है। जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरुप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियां नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही है। कृषक अपने खाते की नकल, खेत का अक्श विभागीय बेवसाईट पर नि:शुल्क देख सकते है।

# श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर की बैठक हुई, राघवदास को बनाया महंत

#### मंदिर की बेशकीमती भूमि षडयंत्र पूर्वक करा ली रजिस्ट्री



**मालथौन, देशबन्धु।** गुरुवार को संकट मोचन हनुमान मन्दिर तीतरी मांदरी में बैठक हुई जिसमें भोपाल पंच मुखी हनुमान मन्दिर के महामंडलेश्वर महंत राम भूषणदास एवं तीतरी मन्दिर के महंत राम किशोर दास एवं तीतरी हनुमान मंदिर के पुजारी राघव दास और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। तीतरी हनुमान मंदिर के महंत रामकिशोर दास ने निर्णय लिया कि मेरा स्वास्थ्य विगत एक वर्ष से खराब चल रहा है लीवर और किडनी में परेशानी हैं। स्वास्थ्य अच्छा न होने के कारण गुरु परम्परा के अनुसार हमारे शिष्य पुजारी राघवदास को महंत पद पर नियुक्त करते है। वह हनुमान मन्दिर की सेवा और हमारी सेवा करते रहेगे, मन्दिर का समस्त कार्य प्रभार राघवदास देखेगे।

### मंदिर की भूमि का मामला न्यायालय में विचाराधीन

बैठक में रामकिशोर दास ने कहा कि मंदिर की 2 एकड़ भूमि भोपाल निवासी दीपक मिश्रा द्वारा षड्यंत्र पूर्वक रजिस्ट्री करा ली थी जिसका मामला न्यायालय में है। मालथौन के समीप तीतरी मंदिर की वेश कीमती भूमि नेशनल हाइवे 44 से लगी हुई। रामकिशोर दास से धोखे से भोपाल के व्यक्ति द्वारा जमीन 2.22 दो एकड़ वाइस डिसमल की रजिस्ट्री करा ली। जिसने रामकिशोर दास को मंदिर का विकास और धर्मशाला बनाने का झांसा देकर बेश कीमती भूमि को रजिस्ट्री कराकर अपने नाम करा लिया। रामकिशोर दास ने कहा कि मेरा एक माह से स्वास्थ्य खराब चल रहा है। आप सबके समक्ष अपनी बात रख रहा हूं। मंदिर की जमीन षड्यंत्र पूर्वक दीपक मिश्रा द्वारा जमीन की रजिस्ट्री कराई है मुझे कोई पैसा नहीं दिया गया। जिसका न्यायालय खुरई में प्रकरण चल रहा है और सागर कमिश्नर के यहा विचाराधीन है। उन्होंने न्यायालय से प्रार्थना कि मन्दिर की जमीन मंदिर को वापिस दिलाये जाये। बैठक में मंगल सिंह मांदरी, छोटेराजा परमार डबडेरा, अरविंदर सिंह सिसोदिया मालथौन, मुन्नी राजा पलेथिनी, दुर्ग सिंह परिहार, चालीराजा इटवा, देवीसिंह तोमर अटा, मनीष पाटकर सहित स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अंशकालीन सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा



**सागर, देशबन्धु।** मप्र शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत छात्रावासों में विगत 25 से 30 वर्षों से सफाई का कार्य कर रहे कर्मचारी जिनका मासिक वेतन 2500 रूपया है। जो वर्ष में 10 माह दिया जाता है एवं मई-जून का वेतन नहीं दिया जाता है। इतने कम वेतन में एवं मंहगाई के दौर में इन कर्मचारियों के परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता जिसके कारण पूरे परिवार को भूखे मरने की समस्या से जूझना पड़ता है कई बार संगठन द्वारा इन कर्मचारियों की समस्या के संबंध में मांग की गई परन्तु शासन द्वारा इन अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि आदिम जाति कल्याण विभाग व शिक्षा विभाग के छात्रावासों में अंशकालीन सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन कलेक्टर दर का वेतन दिया जावे एवं दस वर्ष पूर्ण कर चुके सफाई कर्मियों को अन्य पद जैसे रसोईया, वाटरमेन, चौकीदार के पद पर नियमित किया जावे एवं साप्ताहिक अवकाश दिया जावे। 12 माह का वेतन दिया जावे एवं सामूहिक जीवन बीमा का लाभ दिया जाए। ज्ञापन सौपने वालों में गजेन्द्र बोहत जिलाध्यक्ष अजाक्स, चन्द्रभान रोहित, प्रदीप अहिरवार, राजू पामाखेडी, विजय कछवाहा, मनीष पथरोल, सचिन करोसिया आदि सहित अजाक्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

#### प्रधानमंत्री 14 सितंबर को बीना में 50000 करोड़ रुपए के पेट्रोकेमिकल परिसर की रखेंगे आधार शिला

# सभी अधिकारी दिए गए दायित्व का निर्वहन पूरी क्षमता के साथ करें:श्री आर्य



**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को जिले के बीना आगरा शोध में बीपीसीएल कंपनी में 50,000 करोड़ रुपए की लागत से पेट्रोकेमिकल परिसर का लोकार्पण, भूमिपूजन करेंगे। इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी क्षमता के साथ कार्यक्रम को संपन्न करायें उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक कार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 सितंबर के कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सर्वप्रथम तीन दिवस में अस्थाई अस्पताल तैयार किया जाए, जिसमें समस्त पीएमओ के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें। इसी प्रकार हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल पर सर्व सुविधा युक्त पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य सभी सुविधाओं वाली एंबुलेंस उपलब्ध रखें। अस्थाई अस्पताल में भी समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल पर ग्रीन रूम तैयार रखें एवं आवश्यक बैरिकेडिंग कराएं। कलेक्टर श्री आर्य ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर स्त्री पुरुषों एवं गणमान्य नागरिक, प्रेस, जन समुदाय को अलग-अलग बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाये। जिससे कि सभी अपने-अपने स्थान पर आसानी से पहुंच सकें। संपूर्ण कार्यक्रम स्थल पर पेयजल की समुचित व्यवस्था रखें। पीएमओ के निर्देशानुसार कार्यक्रम स्थल पर सेफरूम वेटिंग कक्ष बनाएं एवं आवश्यकता अनुसार कंप्यूटर ऑपरेटर, इंटरनेट की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। पार्किंग स्थलों पर आवश्यक पहुंच मार्ग बनाने के निर्देश दिए, साथ में समस्त पार्किंग स्थलों पर शौचालय, चूना लाइन, पार्किंग, फ्लेक्स एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। सभी पार्किंग स्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। जिससे कि सभी वाहनों की आवश्यक सुरक्षा की जा सके। कार्यक्रम स्थल पर गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, मीडिया को अलग-अलग प्रवेश पत्र समय सीमा में प्रदान किया जावे जिससे कि वह समय के पूर्व अपना स्थान सुनिश्चित कर सकें और उनको असुविधा का सामना न करना पड़े। विद्युत आपूर्ति सामान्य रूप से रहे इसके लिए सभी जगह जनरेटर की व्यवस्था भी रखी जावे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, समस्त अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार, समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त विभागों के विभाग अधिकारी मौजूद थे।

### समर्पण भाव के बिना हासिल कुछ नही होगा: मुनिश्री

**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर के पंचायती त्रिमूर्ति जिनालय में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामण्डल विधान के छठे दिन 256 अर्घ्य चढ़ाए गए। सबसे पहले सौधर्म इंद्र ऋषभ वक्सुहा ने श्री 1008 शांतिनाथ भगवान को पांडुकशीला पर विराजमान किया। इसके बाद ब्रहमचारी अंकित भैया ने पहले मंगलाष्टक का पाठ किया। इसके बाद शांतिनाथ भगवान की शांति धारा की गई। सौधर्म इंद्र और सभी इंद्र इंद्राणियों ने श्रीजी की भक्ति में जमकर नृत्य किया। मन्दिर परिसर श्रीजी के जयकारों से गूंज उठा। विराजमान मुनि श्री विरंजन सागर ने कहा कि प्रतिदिन अभिषेक पूजन करना चाहिए। किसी से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए। धर्म में आस्था रखनी चाहिए। क्रोध को कम करना चाहिए, जनसंत के मुखारबिंद उनके मंत्रोच्चारण के साथ मांडने पर 256 अर्घ्य समर्पित किये गए। मीडिया प्रभारी प्रकाश जैन ने बताया कि शुक्रवार को श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान के अंतर्गत 512 अर्घ चढ़ाये जाएंगे। मुनि श्री ने कहा कि किसी भी धार्मिक अनुष्ठान को करने के पूर्व उसके महत्व को जानना जरूरी होता है। धार्मिक अनुष्ठान करने के पूर्व लघु बनना पड़ता है। व्यक्ति को जब तक संसार की नश्वरता का भान नहीं होता, तब तक वह ठीक से धर्म ध्यान नहीं कर पाता। वर्तमान युग में व्यक्ति मोबाइल एवं टेलीविजन संस्कृति में कुछ इस तरह जकड़ गया है कि उससे मुक्ति पाना फिलहाल तो संभव नहीं दिखता, उच्च साहित्य को पढ़ना, स्वाध्याय आदि करना तो इतिहास की वस्तु बनता जा रहा है। जैन धर्म के मूल सिद्धांत को हमें भलिभांति जानने का सतत् प्रयास करना चाहिए। अहिंसा अपरिग्रह के सिद्धांत को अपनाने से ही हमारा कल्याण संभव हो सकता है। प्रवचन के पूर्व संगीतकार अंकित जैन एवं उनकी पार्टी के द्वारा भजनों की मनोरम प्रस्तुति दी गई। विधान के पुन्यार्जक राजेश अदावन सतभैया परिवार ने मुनि संघ को शास्त्र भेंट किये।

# आगे का जिक्र नहीं, पीछे की फिक्र नहीं, जो है उसका आनंद लो: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** हम प्रार्थना करते हैं प्रभु मैं सुखी रहूं, मेरा परिवार सुखी रहे और बाकी लोगों से मुझे क्या लेना देना। तुम यह भाव रखकर अपने भाव जरूर बिगाड़ रहे हो और भाव बिगड़ने से भव अवश्य ही बिगड़ जाता है यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने कहा कुछ पाना है तो कुछ छोड़ने के लिए तैयार रहो, आदमी जो देता है वही पाता है, वही लौटकर आता है, देर सबेर करनी का फल तो सबको मिलता ही है, आदमी कब तक बचेगा, फल आखिर भोगना ही पड़ेगा। आगे का जिक्र नहीं, पीछे की फिक्र नहीं, जो है उसका आनंद लो। आदमी अगर वर्तमान में जीने लगे तो उसके आधे दुख आज ही और अभी समाप्त हो जाएंगे। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा लड़ाई झगड़े से बचकर मुस्कुराइये। किसी फोटोग्राफर को कहने का मौका मत दीजिए स्माइल प्लीज। संतोषी बने, शांत रहें। अगर संत नहीं बन सकते हो तो कोई बात नहीं संतोषी और शांत तो बना ही होगा। व्यक्ति पाप करके कानून की निगाह से तो बच सकता है, लेकिन कर्म की निगाह से नहीं बच सकता इसलिए हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह, इन पांच पापों से बचो। जाप में लगो। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया भोपाल से पधारे डिप्टी कमिश्नर सुधीर जैन में मुनि संघ को शास्त्र एवं श्रीफल भेंट कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार के द्वारा सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। वार्ड क्र. 8 दुर्गा नगर में गोटी राम सेन से केशव प्रसाद एवं झल्लू पटेल के घर तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत 16.91 लाख एवं तिवारी आंटी के घर से करण पटेल के घर तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत 7.71 लाख रुपए का भूमिपूजन विधायक प्रदीप लारिया एवं नपा अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ने सभी वार्ड वासियों को शुभकामनाएं दी और कहा नगर पालिका परिषद मकरोनिया में लगातार विकास कार्य हो रहे है आज हर गली मोहल्ले में पक्की सीसी रोड बन चुकी है और जो शेष रह गई हैं उन पर भी शीघ्र अति शीघ्र काम चालू होने वाला है। नगर पालिका परिषद विकास की ओर अग्रसर है लगभग 200 आवास इसी वार्ड दुर्गा नगर में स्वीकृत हुए हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर विधायक ने सभी को बधाई दी और कार्यक्रम में उपस्थित सभी बहनों ने विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष को रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखी बांधकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार ने सभी को शुभकामनाएं दी और बताया कि लगातार क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं हर तरफ सड़के नालिया आवास लाइट पानी के क्षेत्र में नगर पालिका परिषद विकास की ओर अग्रसर है और जो भी कार्य शेष रह गए हैं उन पर तुरंत टेंडर लगाकर उन्हें स्वीकृत किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित कुछ बहनों ने वहां पर मंदिर निर्माण के छत की मांग की जिस पर विधायक ने तुरंत इंजीनियर को बुलाकर एक हफ्ते मैं छत को डलवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बलवंत सिंह ठाकुर, राजा रिछारिया, बाबूलाल रोहित, उपयंत्री अमन जैन, नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# संगीतकार जयकिशन की पुण्य तिथि पर स्वरांजली कार्यक्रम 12 को

**सागर, देशबन्धु।** वालीवुड की प्रसिद्ध संगीतकार जोड़ी शंकर जयकिशन के जयकिशन की पुण्यतिथि पर संस्कृति संचालनालय भोपाल के सहयोग से नगर की सक्रिय संस्था संभावना समग्र विकास समिति द्वारा स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन आगामी 12 सितम्बर को अपराह्न 4 बजे से किया जायगा। श्यामलम् के संयोजन में होने जा रहे इस कार्यक्रम की आयोजक संस्था संभावना के सचिव डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि संगीत श्रोता समाज सागर के अध्यक्ष पूर्व उप संचालक जन संपर्क विभाग डॉ. अशोक कुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य में होने वाले इस कार्यक्रम में महान संगीतकार शंकर जयकिशन के संगीत पर चर्चा होगी एवं गायक कलाकारों द्वारा उनके गीतों का गायन भी होगा।

# योगेश्वर श्रीकृष्ण का चरित्र मानव के लिए प्रेरणा: बीके सीता बहन



**बण्डा, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केंद्र बण्डा के तत्वाधान में सब जेल बण्डा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने श्रीकृष्ण की बाललीला का आध्यात्मिक चरित्र बताते हुए कहा कि योगेश्वर श्रीकृष्ण का सम्पूर्ण चरित्र युवाओं को प्रेरणा देने वाला हैं। 16 कलाओं के धनी श्रीकृष्ण का चरित्र, उनकी साधना, उनकी विपरीत परिस्थितियां आज के मानव को आत्मदर्शन कराती हैं। बण्डा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सीता बहन ने श्रीकृष्ण की विशेषताओं को बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण सतयुग के प्रथम राजकुमार हैं, श्री कृष्ण के जीवन से हमें सीख मिलती है कि परिस्थिति कैसी भी हो लेकिन हमें मुस्कुराकर उसका सामना करना चाहिए। राज्य दरबार का शुभारंभ श्रीकृष्ण की आरती से हुआ जिसमें सभी बंदी भाइयों ने नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की जयकारे लगाये। इस पावन पर्व पर कलाकारों द्वारा महारास किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। जेल में जन्माष्टमी का पर्व मनाते समय सभी कैदी भक्ति भाव में डूबे देखें और उत्साह में दिखे जेलर राजेंद्र यादव ने श्री कृष्ण भजन गाया जेलर द्वारा कृष्ण भजन गाए जाने पर सभी कैदी कृष्ण भक्ति में डूबे देखें राजेंद्र यादव ने सभी कैदियों को समझाया की कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सभी यह संकल्प लें कि वह आगे से स्वयं कभी अपराध नहीं करेंगे और बाहर जाकर दूसरों को भी सिखाएंगे की अपराध न करें । इस अवसर पर बण्डा सब जेल के जेल अधीक्षक आर के यादव, कार्यवाहक प्रमुख प्रहरी बाबूलाल यादव, बालमुकुंद दुबे, आशीष दीक्षित सहित जेल के सभी स्टाफ एवं बंदी उपस्थित रहे।

### श्री कृष्णा की चैतन्य झाकी बनी आकर्षण का केंद्र



**सागर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी ही उमंग उत्साह से मनाया गया। ब्रह्माकुमारी छाया दीदी ने श्री कृष्ण के गुणों का वर्णन करते हुई सभी को बताया की हरेक माता अपने बच्चे को नयनों का तारा और दिल का दुलारा समझती है परन्तु फिर भी वह श्रीकृष्ण को सुंदर, मनमोहन, चित्तचोर आदि नामों से पुकारती है। वास्तव में श्रीकृष्ण का सौंदर्य चित्त को चुरा ही लेता है। जन्माष्टमी के दिन जिस बच्चे को मोर मुकुट पहनाकर, मुरली हाथ में देते हैं तो लोगों का मन उस समय उस बच्चे के नाम, रूप को भूलकर कुछ क्षणों के लिए श्रीकृष्ण की ओर आकर्षित हो जाता है। अगर हम श्री कृष्ण के गुणों को अपने जीवन मैं लाते है तो हर व्यक्ति कृष्ण और हर घर स्वर्ग बन सकता है ऐसे ही आज हम न केवल उनके गुणों का गुणगान करे बल्कि उनके समान गुणों को धारण करके नई युग सतयुग में चले के लायक बने। दीदी ने चैतन्य श्री कृष्ण श्री राधे को तिलक लगा, माखन से मुख मीठा कराया आरती करके सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। बीके पार्वती, दीदी बीके कामनी, बहन बीके मुकेश बीके सुनील बीके पियूष भाई के साथ अन्य भाई बहन भी शामिल रहें।

### विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कुराना सिखाता है श्री कृष्ण का जीवन: बीके नीलम बहन



**राहतगढ़, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवाकेंद्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर राधे-कृष्ण भगवान का चैतन्य दरबार सजाया गया। श्रीराधे-कृष्ण की आरती की गई। भाई.बहिनों ने नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की जयकारे लगाये, केक काटा, सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने श्रीकृष्ण की बाल लीला का आध्यात्मिक चरित्र बताते हुए कहा कि योगेश्वर श्रीकृष्ण का सम्पूर्ण चरित्र युवाओं को प्रेरणा देने वाला हैं। 16 कलाओं के धनी श्रीकृष्ण का चरित्र, उनकी साधना, उनकी विपरीत परिस्थितियां आज के युवा को आत्मदर्शन कराती हैं। श्रीकृष्ण का जन्मचरित्र ही देखो, श्रीकृष्ण का जन्म कारागार में भादों की नकारात्मक अंधयारी रात्रि में दिखाते हैं। अत: आज के युवाओं को केवल जीवन निर्वाह और वासनामय, तृष्णा, लोभ से ऊपर उठकर देश, धर्म, समाज, संस्कृति के लिए सेवा, सहयोग और त्याग, बलिदान की प्रेरणा श्री कृष्ण के चरित्र से लेनी चाहिए। विपरीत परिस्थिति में भी उनके चेहरे पर बिखरी हुई मुस्कुराहट उनकी सात्विकता और संतुष्टता का प्रतीक है। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी आरती बहन, अभिलाषा बहन, सुशीला बहन और सभी भाई-बहन शामिल हुए।

## सार समाचार

### ब्रह्माकुमारी विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव



**घुवारा, देशबन्धु।** नगर में स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी का बड़ा ही दिव्य अलौकिक सुंदर दरबार सजाया गया जिसमें श्री राधे श्री कृष्णा, बाल रूप के दर्शन हुए और सभी ने बड़े ही भाव रूप से श्री कृष्ण की आरती की और बच्चों ने नित्य के माध्यम से लोगों की मन को मोह लिया और ब्रह्माकुमारी मोहिनी बहन ने बताया। कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी मानना अर्थात उनके जैसे चरित्र को अपने जीवन में लाना श्री कृष्णा के आध्यात्मिक रहस्य को जाना। जिसमें नगर की गणमान व्यक्ति मौजूद रहे। मथुरा सोनी, गणपत सोनी, कैलाश असाटी, बिहारी लाल विश्वकर्मा, गजाधर सोनी, कमलेश कुशवाहा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ऐसे अनेक लोग मौजूद रहे। अंत में नटखट कन्हैया ने मटकी फोड़ी और सभी को प्रसाद वितरण किया।

### शिवसेना की युवा गर्जना विशाल वाहन रैली कल

**छतरपुर, देशबन्धु।** शिवसेना की पूर्व नियोजित कार्यक्रम युवा गर्जना रैली कल होगी जिसमे हजारो की संख्या शिवसैनिक होंगे शामिल। शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने बताया है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते मध्यप्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय संघटक अशोक तिवारी दो दिवसीय प्रवास पर छतरपुर आ रहे है उनके साथ प्रदेश के कई बड़े पदाधकारी शामिल होंगे शिवसेना प्रदेश प्रमुख सुनील शर्मा, इंदौर से जय गोस्वामी युवा सेना प्रभारी, भोपाल जिलाध्यक्ष, के साथ साथ प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू तिवारी भी शामिल होंगे उनके आतिथ्य में इस विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जायेगा। इस रैली का प्रारंभ स्थानीय गायत्री मंदिर से किया जायेगा जो फब्बारा चौक, हटवारा, चौकबाजार, होते हुए महल मार्ग होते हुए छत्रसाल चौराहा जहां 5 मिनिट का उदबोधन होगा इसके बाद रैली अटल सभागार मोटे के महावीर पहुचने के बाद सभा के रूप में बदल जायेगी श्री तिवारी ने बताया है। इस रैली का उदुदेश हिदुत्यव एकत्हरीकरण एवं समाज में फ़ैल रही जातिवादी विचारधारा को हटाकर सही वर्गो, समाजो को मिलकर हिंदुत्व एकत्रीकरण करना इस रैली का प्रमुख उद्देश्य है रैली सुबह 11 बजे से गायत्री मंदिर से प्रारंभ होगी।

# कोटवार की भर्ती में गड़बड़ी

**छतरपुर, देशबन्धु।** नियमो को दरकिनार कर ग्राम पंचायत घिनोची में कोटवार की भर्ती की गई।जिसमे सवाल खड़े हो रहे है।

ग्रामीण प्रेमलाल अहिरवार ने अपने शिकायती आवेदन में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आर्थिक स्थिति कमजोर बताते हुए पियूष सेन की भर्ती की गई। जबकि आवेदक के माता पिता दोनो ही सरकारी विभाग में कार्यरत है। ओर उनके पास 2500 वर्गफीट का पक्का मकान है।वही प्रेमलाल अहिरवार ने शिकायती पत्र में लिखा है कि ग्राम पंचायत के द्वारा दिये गए प्रस्ताव की अवधि 6 माह की ही होती है। जबकि भर्ती 6 माह की अवधि निकल जाने के बाद हुई। जो नियम को ताक पर रखकर की गई। यह भी आरोप है कि जब पियूष सेन को ग्राम पंचायत का प्रस्ताव दिया गया तब उसकी आयु 17 वर्ष 9 माह थी। जो नावलिक की श्रेणी में आता है। फिर भी उसे पंचायत का प्रस्ताव दिया गया। तहसील की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि कोटवार की भर्ती के लिए केवल एक ही आवेदन प्राप्त हुआ जबकि प्रेमलाल अहिरवार का साफ कहना है कि उसके द्वारा भी कोटवार पद के लिए आवेदन किया गया।

**ग्रामीणों ने लगाए पटवारी पर गंभीर आरोप :** ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि पटवारी प्यारे लाल आदिवासी ने गलत तरीके से जांच प्रस्तुत की जिसके चलते पियूष सेन की आर्थिक स्थिति ठीक होते हुए भी कमजोर होना बताया गया।

गांव के लोगो ने इस संबंध में जनसुनबाई से लेकर एस डी एम बड़ामलहरा को आवेदन देकर भर्ती की निष्पक्ष जाँच की मांग की।

# 8 कट्टे बरामद, 8 तस्कर गिरफ्तार



**छतरपुर, देशबन्धु।** अवैध हथियार रखने बाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की कड़ी में मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध हथियार रखने बाले व्यक्तियों के कब्जे से 315 बोर के 7 देशी कट्टे, 12 बोर की बंदूकनुमा एक अद्धी, 315 बोर के 7 कारतूस व 12 बोर का 1 कारतूस, कुल 53,700/- रूपये कीमत के आयुध अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये जप्त कर 8 आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों से उनके पास से जप्त अवैध कट्टा एवं कारतूस के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ कर कार्यवाही की जा रही है।

थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम काँटी निवासी आरोपी काफी दिनों से अवैध हथियार खरीदकर क्षेत्र में उनका विक्रय कर रहा है। सूचना की तस्दीक करने पर मुख्य आरोपी उम्र 40 वर्ष, निवासी काँटी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा छतरपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में कई व्यक्तियों को बाहर से अवैध हथियार लाकर उनका विक्रय करना स्वीकार किया । मुख्य आरोपी कब्जे से एक 12 बोर की देशी बंदूकनुमा अद्धी व एक 12 बोर का जिंदा कारतूस जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा गठित पुलिस टींम ने मुख्य आरोपी उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम काँटी से पूछताछ कर प्राप्त जानकारी के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 7 अन्य आरोपीगणों के कब्जे से 315 बोर के 7 देशी कट्टे व 315 बोर के 7 कारतूस जप्त कर सभी आरोपीगणों को गिरफ्तार कर धारा-25/27 आयुध अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। सभी गिरफ्तारशुदा 8 आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से उन्हें जेल।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



**नौगांव, देशबन्धु।** नगर में श्रीकृष्ण भगवान के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने हेतु यादव समाज द्वारा हर बर्ष की भांति शोभयात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो मोटर साइकिल सवार शामिल हुए डीजे की धुन पर यात्रा में डांस करते हुए युवाओ में भारी खुशी देखी गयी।

समाज के आयोजक कुलदीप यादव द्वारा बताया गया कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाया जाना है वही यात्रा दूल्हा देव मन्दिर से शुरू होकर नगर के सभी चौराहों बस स्टैंड मेन बाजार लेबर चौक होते हुए धौर्रा मन्दिर पहुची जहा पर यात्रा का समापन हुआ यादव समाज द्वारा बताया गया कि अन्य धार्मिक मौको पर जो आयोजन बड़े रूप धौर्रा मन्दिर में हुए है जैसे राम जन्मोत्सव, हनुमान जयंती, परशुराम जयंती के आयोजन की तरह भव्य रूप में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाना है।

यह कार्यक्रम धौर्रा मन्दिर में रात्रि 10 बजे तक चलेगा जिसमे सभी धार्मिक प्रेमी एवम यादव समाज के सैकड़ों लोग श्रीकृष्ण अनुयायी उपस्थित होंगे डीजे द्वारा नगर में प्रचार प्रसार कराया जा रहा है अधिक से अधिक संख्या में सभी लोगधौर्रा मन्दिर पहुचकर भगवान श्रीकृष्ण के जनमोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ उठाएं।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा

**हरपालपुर, देशबन्धु।** भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर श्री राधे कृष्णा सेवा समिति हरपालपुर के द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी की शोभायात्रा डीजे, बैंड बाजे, ढोल, आतिशबाजी के साथ निकाली गई। नगर में जगह जगह भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। वहीं



शोभायात्रा का भी नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल सभी लोग थिरकते हुए चल रहे थे। इस शोभायात्र में बड़ी संख्या में महिलायें और बच्चे भी शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल सभी कृष्ण भक्तों नेक्षभगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। शोभायात्रा नारायण आश्रम (छोटी कुटि) से नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए आदीकुंवरी माता(बड़ी कुटि) पहुंची। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्र के सभी भगवान श्री कृष्ण जी के भक्त जन आपार जन समूह के साथ उपस्थित हुए।

# 10 लाख की लागत से बनेगा समाज भवन

**छतरपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सदर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने यादव समाज के लोगों को उपहार स्वरूप समाज भवन की सौगात दी है। उक्त भवन का निर्माण छतरपुर के वार्ड नंबर 19 की यादव कॉलोनी में 10 लाख की लागत से किया जाएगा और इसका कार्य भी प्रारंभ हो गया है। विधायक की इस सौगात पर समाज के लोगों ने आभार व्यक्त किया है।



वार्ड पार्षद शिव सिंह यादव ने बताया कि लंबे समय से समाज के लोगों द्वारा जिला मुख्यालय पर समाज भवन स्थापित कराने की मांग जनप्रतिनिधियों से करते आ रहे थे लेकिन पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इस मांग पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद जब समाज के लोगों छतरपुर के वर्तमान विधायक आलोक चतुर्वेदी के सामने अपनी मांग रखी तो उन्होंने न सिर्फ समाज बनवाने का अश्वासन दिया बल्कि तत्काल प्रभाव से समाज भवन के कार्य को भी शुरू कराया। उन्होंने बताया कि समाज भवन बन जाने से समाज के कार्यक्रमों, बेटियों के विवाह और बाहर से आने वाले लोगों के रुकने की समस्या समाप्त होगी। वहीं यादव समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब यादव ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने कई बार समाज भवन की मांग उठाई लेकिन किसी ने भी इस मांग को जायज नहीं माना, लेकिन जब विधायक आलोक चतुर्वेदी के सामने यह मांग रखी गई तो उन्होंने बिना देर किए इसे पूरा कराया। उन्होंने संपूर्ण समाज की ओर से विधायक का आभार जताया है। इस मौके पर बाबूलाल यादव बाबाजी, बाली यादव, सरदार सिंह यादव, मोहन सिंह यादव, जीतेंद्र यादव, शरद यादव, परमलाल यादव, अजीत सिंह यादव, प्रदेश सचिव यादव युवा महासभा दीपांशु यादव, ब्लॉक अध्यक्ष हरनारायण यादव सहित लोग मौजूद रहे।

# विकास रथ सरकार की योजनाओं का करेंगे प्रचार



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले में म.प्र. सरकार की विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाने के लिए विकास रथ हुए रवाना। गुरूवार को कलेक्टेऊट छतरपुर से विधायक बड़ामलहरा एवं नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह लोधी एवं पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव ने हरि झण्डी दिखाकर तीन विकास रथों को रवाना किया। इस दौरान छतरपुर एसडीएम बलवीर सिंह रमन, बड़ामहलहरा एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, तहसीलदार रंजना यादव, नायब तहसीलदार श्रीमती संध्या अग्रवाल उपस्थित रहीं। यह रथ जिले की सभी विधानसभाओं के ग्रामों में जाकर विकास कार्यों एवं योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे।

### आम आदमी पार्टी ने दी जनता की सुविधाओं की गारंटी

**बैतूल, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली पंजाब सरकार की तर्ज पर जनहितैषी योजनाओं को गारंटी पत्र में शामिल कर जनहित की आठ गारंटी जारी की है। आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रमुख बैतूल अजय सोनी ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने सतना में पार्टी सुप्रीमों दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की टाउन हॉल में हुई मीटिंग में दिल्ली पंजाब सरकार के जनहित के कार्यों को अपनी गारंटी में शामिल किया। पहली गारंटी शिक्षा की गारंटी,हर बच्चे को अच्छी और निशुल्क शिक्षा,बेहतर सरकारी स्कूल शिक्षकों को नियमित करने, दूसरी गारंटी बिजली की गारंटी, 300 यूनिट बिजली फ्री,24 घंटे मुफ्त बिजली,मध्य प्रदेश के समस्त घरेलू बिल माफ किए जाएंगे। तीसरी रोजगार की गारंटी जिसमें 10 लाख नई सरकारी नौकरियां निकाली जाएगी।

### निर्वाचन कार्यवाहियों एवं गतिविधियों की होगी समीक्षा

**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में शुक्रवार 8 सितम्बर को जिला पंचायत छतरपुर के सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे बैठक आयोजित होगी। जिसमें निर्वाचन संबंधी गतिविधियों एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों एवं वल्नेरेबिल मैपिंग और व्यय आदि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

बैठक में छतरपुर पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, कोषालय अधिकारी एवं सहा. नोडल व्यय लेखा टीम सहित, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर, एसडीओपी सहित तहसीलदार एवं सहा. रिटर्निंग ऑफिसर अब तक की निर्वाचन संबंधी की गई कार्यवाहियों की जानकारी के साथ उपस्थित रहेंगे।

# किसानों ने रैली निकाली धरना दिया




**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र बड़ा मलहरा के तहसील इकाई घुवारा में किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश सिंह चंदेल के नेतृत्व में हजारों किसानों ने प्रदर्शन किया पुराने बस स्टैंड से नए बस स्टैंड तक रैली निकालकर किसानो नेप्रदर्शन किया बस स्टैंड पर आयोजित पंडाल में सभी किसानों ने 3 घंटे का धरना प्रदर्शन किया शाम को 6.00 बजे तहसीलदार तिलक सिंह पोशाम कोज्ञापन सोपा गया किसान नेताओं ने अपने भाषण में कहा भाजपा के शासन में किसान परेशान है देश के रहीसो का कर्ज माफ हो रहा है मगर किसानों का यह भाजपा सरकार कर्ज माफ नहीं कर रही है अभी अवर्षा की वजह से फसल सूख करखराब हो गई है उसका भी मुआवजा नहीं दे रही न ही सर्वे करवाया पिछली बार ओले गिरने से सैकड़ो किसान बर्बाद हो गए थे।

मगर घुवारा क्षेत्र में एक भी गांव में ओला पीड़ित लोगों को राहत नहीं दी गई किसान को बिजली भी पर्याप्त नहीं मिलती खाद बीज महंगा है दवाइयां महगी है मगर किसान बेचारा परेशान हो रहा है इसलिए भाजपा सरकार को किसी भी हालत में देश में रहनानुकसानदायक है जब तक सरकार नहीं बदलेंगे तब तक किसानदम नहीं लेंगे उपस्थित कपूर चंद लोधी आगरोठाप्रीतम सिंह लोधी भूपत यादव बसंती यादव मोतीलाल कुशवाहा जैसे सैकड़ो किसान आंदोलन में शामिल थे ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश सिंह ने कहा कि यदि 15 दिनों में किसानों की मांगे पूरी नहीं की गई तो वह तेज गति का आंदोलन करेंगे।

### चैन की बंसी बजाने की कला सिखाते हैं मुरलीधर

**छतरपुर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय छतरपुर किशोर सागर द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री कृष्ण की चैतन्य झांकियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण की आरती से की गई। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं।

इस मौके पर छतरपुर सेवा केंद्र प्रभारी बीके शैलजा ने सभी को को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई दी और कहा हमें केवल श्री कृष्ण की लीलाओं को देखकर खुश नहीं होना चाहिए बल्कि हमें उनकी तरह अपने जीवन में गुण ग्राहकता का गुण लाना चाहिए और सभी से गुण रूपी माखन चुराना चाहिए। उनकी मुरली की तरह अपने मुख से भी ज्ञान रूपी मीठी मुरली ही बजाना चाहिए जो सभी के दिलों को छू ले और ऐसी वाणी हो हमारी जो सभी को सुख देने वाली हो। जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी मुस्कुराने की कला श्री कृष्ण से हमें सीखनी चाहिए।

इस अवसर पर हनुमान टोरिया सेवा समिति एवं योग स्टार परिवार के गिरजा पाटकर सहित सभी ग्रुप मेंबर्स एवं सभी श्री कृष्ण प्रेमी भाई-बहनें उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम के अंत में बीके रमा ने सभी बच्चों को माखन मिश्री खिलाया तत्पश्चात सभी भक्तगणों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। सभी भाई बहनों के चेहरे पर प्रसन्नता की झलक दिखाई दी।

# आरोपी पति के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मामला

**मारपीट करने से परेशान पत्नी ने डीजल डालकर खुद को आग लगाकर दी थी जान**

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम चिखली कला में बीते 3 अगस्त को पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी में अपनी जान दे दी थी। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली कला निवासी सरिता पति मन्द्रेश बिहारे 29 साल को जलने के कारण परिजनों द्वारा मुलताई के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

प्राथमिक उपचार के बाद सरिता को जिला चिकित्सालय बैतुल रेफर किया था। सरिता की हालत गंभीर होने से जिला चिकित्सालय द्वारा उसे हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया गया था। जहां पर उपचार के दौरान बीते 9 अगस्त 2023 को सरिता की मृत्यु हो गई थी। बीते 31 अगस्त को मर्ग डायरी प्राप्त होने के बाद प्रकरण नव विवाहिता की मौत से संबंधित होने के कारण एसडीओपी सुरेश पाल सिंह द्वारा मामले की जांच करते हुए मृतिका के मायके पक्ष एवं ससुराल पक्ष से पूछताछ की गई तो सामने आया कि मृतिका सरिता का विवाह 12 मई 2019 को जाति रीति रिवाज के अनुसार ग्राम चिखली कला निवासी मन्द्रेश उर्फ महेंद्र पिता नीलू बिहारे निवासी चिखली कला के साथ हुआ था। करीब 2 साल से पति मन्द्रेश ने दारू पीना चालू कर दिया था। सरिता शराब पीने से मना करती तो मन्द्रेश शराब पीकर सरिता से मारपीट करता था। जब भी मृतिका सरिता अपने मायके जाती थी तो अपने माता पिता को यह बात बताती थी। सरिता के माता पिता ने भी मन्द्रेश को समझाया था। लेकिन वह नही माना और शराब पीकर सरिता से मारपीट करता था। जिसके चलते बीते 3 अगस्त को सरिता ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली थी। जिससे सरिता 85 प्रतिशत जल गई थी। सरिता जब हमीदिया अस्पताल में भर्ती थी तब उसकी मां रामरती बचले उसे देखने के लिए भोपाल आई थी। जहां सरिता ने अपनी मां रामरती को बताया था। मन्द्रेश आए दिन शराब पीकर ल?ाई झग?ा मारपीट करता है, समझाने पर भी नही मानता इसी कारण परेशान होकर उसने डीजल डालकर आग लगा ली थी। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी पति मन्द्रेश के खिलाफ धारा 304 बी एवं 498 ए भादवि के तहत केस दर्ज किया है।

# कृष्ण जन्मोत्सव की मनमोहक झांकियों के साथ यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली ब्लॉक में यादव समाज ने जन्माष्टमी के मौके पर विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में यादव समाज सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे। शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां का प्रदर्शन किया गया था। घोड़ाडोंगरी विधानसभा के प्रबल दावेदार व आदिवासी कांग्रेस नेता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष घोड़ाडोगरी ज्ञानसिंह परते एवं आदिवासी समाज के नेता राजकुमार उइके नसीराबाद के नेतृत्व में जय स्तम्भ चौक चिचोली में विशाल शोभायात्रा का स्वागत किया गया। यादव समाज के वरिष्ठ लोगों का फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रैली में फूल बरसा कर व केले के फल वितरण किए और समस्त यादव समाज का स्वागत अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा का स्वागत करने वालों में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुरका सिंह उइके दूधिया, जयस नेता सुरेंद्र कुमरे मलाजपुर, महेश उइके असाड़ी, सुनील, नोमेश इवने गोधना, डोमासिंह कुमरे, राकेश गजाम, पूर्व सरपंच प्रकाश धुर्वे, गोविंद, नंदन परते एवं समस्त सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विद्यालय छतरपुर के शिक्षकों का संभागीय स्तर पर सम्मान




*छतरपुर, देशबन्धु। केंद्रीय विद्यालय छतरपुर विगत कई वर्षों से प्रत्येक क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस दिशा में एक और उपलब्धि यह रही है कि केंद्रीय विद्यालय छतरपुर के शिक्षकों को संभागीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया। केंद्रीय विद्यालय छतरपुर में कार्यरत श्रीमती सीमा शर्मा पीजीटी हिंदी को कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम हेतु संभाग में सेकंड हाईएस्ट पी आई देने हेतु, मोहम्मद शहजाद रंगरेज को गणित विषय में हाईएस्ट पी आई के लिए, श्री एस एल नामदेव पीजीटी गणित को समूचे संभाग में कक्षा 12वीं गणित में हाईएस्ट पी आई के लिए, एवं मोहम्मद सलीम सिद्दीकी सीबीएसई प्रभारी को कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम संभागीय स्तर पर सेकंड हाईएस्ट स्थान पर आने हेतु क्षेत्रीयकार्यालय जबलपुर द्वारासंभागीय स्तर पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह के माध्यम से पुरस्कृत किया गया।*

*यह सम्मान शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय में आए नए एवं प्रतिभावान प्राचार्य श्री मनीष रूसिया जी के कर कमलों से प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री मनीष रूसिया ने समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी गण विद्यालय के गौरव को बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयास करें। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष उन्हें विद्यालय को गौरवान्वित करने हेतु कड़े प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा होने पर भी परिश्रम के बिना किसी भी उपलब्धि को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने पुरस्कृत शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई दी एवं इस उपलब्धि को प्राप्त करने के बाद विद्यालय के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु प्रयास करने का आह्वान करते हुए शुभकामनाएं दी।*

*गौरतलब बात यह है कि शिक्षक दिवस के अवसर पर माननीय महोदय द्वारा इन सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय विद्यालय छतरपुर में शिक्षक दिवस अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। कक्षा 12वीं की विद्यार्थियों ने इस दिन शिक्षकों की भूमिका अदा करते हुए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए थे जिसमें मुख्य रूप से कव्वाली एवं अन्य गतिविधियां रही।*

# देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 8 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन




## धार्मिक मुद्दे को तूल देते पीएम

इसे किसी भी देश के लिये सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण कहा जा सकता है कि वहां की सरकार धार्मिक विवादों को शांत करने की बजाये उसे और भड़काये। इतना ही नहीं, ज्यादा दुखद तो यह होता है कि वह उस विवाद में बाकायदा एक पार्टी बन जाये और ऐसे विवादों का सियासी लाभ लेने की हर घड़ी जुगत बिठाये। भारत के साथ यह होता साफ दिख रहा है और वह भी अभी से नहीं बल्कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र में बनी है, इस प्रकार के मुद्दों का उपयोग वह अपनी सत्ता को बचाये रखने या फिर पाने के लिये करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस खेल में दिन-ब-दिन सिद्धहस्त होते जा रहे हैं। ऐसा करने से उन्हें राजनैतिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु ऐसा करना न देश के लिये उचित है और न ही समग्र लोकतंत्र के भले में है। संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति के लिये मज़हबी मतभेदों को समाप्त करने की पहल करनी चाहिये, न कि उन्हें और भी तूल देने की।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र व मंत्री उदयनिधि का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है जिसमें उन्होंने सनातन धर्म को डेंगू व मलेरिया के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा कि जितनी जल्दी उसका उन्मूलन हो उतना ही अच्छा। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव हारने से बौखलाई भाजपा और स्वयं मोदी मुद्दों की तलाश में हैं। कांग्रेस की अगुवाई में बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' के लगातार मजबूत होने तथा अपने कारोबारी मित्र गौतम अदानी से उनकी कथित सांठ-गांठ के कारण मोदी की छवि काफी दरक चुकी है। ठीक एक साल पहले निकाली गई राहुल गांधी की बेहद सफल 'भारत जोड़ो यात्रा' का सीक्वल आ ही रहा है। इस बार राहुल पश्चिम से पूरब की तरफ देश को अपने कदमों से नापने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इससे रही-सही कसर भी पूरी हो जायेगी और पहले से नाज़ुक स्थिति में चल रही भाजपा की सांसें इसी वर्ष के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पूरी तरह से उखड़ सकती हैं। 2024 के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के लिये उसे मुद्दों की सख़्त दरकार है क्योंकि उसका साम्प्रदायिक चेहरा मणिपुर, नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई घटनाओं से पूर्णतः बेनकाब हो गया है। जनता जान गई है कि देश इसका खामियाजा भुगत रहा है। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी जान गई है कि मोदी और हिन्दुत्व के चेहरे पर अगले चुनाव की वैतरणी पार होने से रही। यह सरकार जन सरोकार के मामले में पहले ही नाकाम हो चुकी है जिसके कारण वह किसी भी मुद्दे को लेकर जनता को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रही। इसलिये उसके सामने ध्रुवीकरण के अलावा कोई चारा दिखाई नहीं देता।

अदानी का मुद्दा देश-विदेश दोनों जगहों पर छाया हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद हाल ही में वही कहानी दुनिया के दो प्रतिष्ठित अखबारों 'गार्डियन' एवं 'दी फाइनेंशियल टाइम्स' ने आगे बढ़ा दी है। इनमें छपी रपटें बताती हैं कि अदानी ने अनेक तरह की वित्तीय अनियमितताएं कीं और मोदी सरकार उन्हें प्रश्रय देती रही, बचाती भी रही। इसके साथ ही राहुल गांधी सच साबित होते चले गये जिन्होंने अदानी-मोदी रिश्तों की बात उठाई, जिसके कारण अपनी सांसदी खोई। यह अलग बात है कि उनकी लोकसभा सदस्यता छीनने का बहाना एक टुच्चा सा अवमानना का अदालती मामला था जिसके आधार पर उन्हें अधिकतम (दो साल) सजा सुनाई गई ताकि वे सदन से रुख़सत किये जा सकें। सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द की जिससे राहुल को सदस्यता व शासकीय आवास लौटाया गया। अब राहुल फिर से अनेक यूरोपीय देश जा रहे हैं जहां वे कई जगहों पर भाषण देंगे। पहले की तरह मोदी की मुश्किलें बढ़नी तय हैं।

बहरहाल, विपक्षी गठबन्धन के नाम से परेशान मोदी सरकार ने देश का 'इंडिया' नाम ही हटा दिया और अब वह सरकारी दस्तावेजों से 'इंडिया' शब्द हटाकर 'भारत' लिख रही है। इसे राष्ट्रवाद का नया काढ़ा कहा जा सकता है जो उनके समर्थकों को अपने खेमे में बनाये रखने के लिये तैयार किया गया है क्योंकि भाजपा के चिर-परिचित फार्मूले बेकार साबित हो गये हैं। इनमें चीन को लाल आंखें दिखलाना, पाकिस्तान को घर में घुसकर मारना, 56 इंच आदि शामिल हैं। वैसे इंडिया बनाम भारत का मसला भी पार्टी में पर्याप्त ऊर्जा नहीं भर पा रहा है क्योंकि इसके पहले कि भाजपा के आईटी सेल की रचनात्मकता जोर मारती, केन्द्र के एक मंत्री ने ही कह दिया है कि 'इंडिया' भी रहेगा और 'भारत' भी।

ऐसे में उदयनिधि का बयान भाजपा के लिये अंधे को मिलने वाली दो आंखें साबित हुआ है। बुधवार को हुई केबिनेट की बैठक में मोदी ने अपने मंत्रियों को निर्देश दिये कि इंडिया-भारत के मुद्दे पर चुप रहें लेकिन सनातन वाले मुद्दे पर कसकर जवाब दे। यह इस बात की बानगी है कि मोदी राज में सरकार व भाजपा किस प्रकार से गड्ड-मड्ड हो चुके हैं। मोदी भूल गये कि वे पार्टी बैठक या चुनावी रैली में नहीं बल्कि शासकीय बैठक में बोल रहे हैं। वहां बैठकर उन्हें देश को इस गर्मा-गर्मी से बाहर निकालना चाहिये था जिससे देश में साम्प्रदायिक तनाव न बढ़े। संवैधानिक पद पर बैठे पीएम को मंत्रियों को निर्देशित करना चाहिये था कि इस मामले को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सुलटाया जाये। वैसे मोदी से ऐसी उम्मीद करना बेकार है क्योंकि वे स्वयं ही चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन कर आम सभाओं में गौमाता, राममंदिर, बजरंग बली आदि के नाम पर वोट मांगते हैं।

## हिंदुत्व की जगह सनातन का बाना धारण करने की जुगत

■ बादल सरोज

तमिलनाडु में साहित्यकारों और कलाकारों की एक वैचारिक सभा में डीएमके के युवा नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के उन्मूलन वाले बयान के बाद भाजपा और संघ बवाल मचाने में भिड़ा है। सनातन उन्मूलन सम्मेलन में भाग लेते हुए पहले उदयनिधि स्टालिन ने भारतीय मुक्ति संग्राम में आरएसएस का योगदान शीर्षक से व्यंग्य चित्रों वाली एक पुस्तक का विमोचन किया था ; भक्त इसके बारे में एक भी शब्द नहीं बोल रहे, वे इसके बाद दिए गए भाषण में उन्होंने सनातन धर्म को लेकर जो टिप्पणियां की थी उन्हें लेकर भनभनाये हुए हैं। उदयनिधि स्टालिन ने अपने संबोधन में सम्मेलन के शीर्षक को बहुत अच्छा बताया और इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि 'सनातन विरोधी सम्मेलन' के बजाय 'सनातन उन्मूलन सम्मेलन' रखा जाना इसलिए ठीक है क्योंकि हमें कुछ चीज़ों को ख़त्म करना होगा। सिर्फ उनका विरोध करने से काम नहीं चल सकता। जैसे मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना वायरस इत्यादि का विरोध करना काफी नहीं होता, उन्हें खत्म करना होता है ठीक उसी तरह सनातन धर्म भी ऐसा ही है जिसका हमें विरोध नहीं करना है बल्कि इसका उन्मूलन करना है। उन्होंने कहा कि सनातन समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ़ है। 'सनातन सिद्धांत और लोकतांत्रिक सिद्धांत के बीच दो हज़ार साल पुराना संघर्ष है. वे वर्षों पहले मौजूद सनातन सिद्धांत को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। फासीवादी ताक़तें हमारे बच्चों को पढ़ने से रोकने के लिए कई योजनाएं लेकर आ रही हैं। सनातन की नीति यही है कि सबको नहीं पढ़ना चाहिए। एनईईटी परीक्षा इसका एक उदाहरण है।' उन्होंने चेतावनी दी कि 'अगर सनातन सत्ता में वापस आते हैं, तो वर्णाश्रम और जातिगत भेदभाव फिर से अपना सिर उठाएगा।' इसलिए 'हमारा पहला काम सनातन को हटाना है न कि केवल उसका विरोध करना। सनातन समानता और सामाजिक न्याय का विरोध करता है. इसका मतलब है वो चीज़ जो स्थायी हो यानी ऐसी चीज़ जो कभी न बदली जा सके, जिस पर कोई सवाल न उठाए. यही सनातन का अर्थ है।'

जिस सनातन को लेकर इतना हल्ला मचाया जा रहा है वह सनातन क्या है इस पर आने से पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि पिछले कुछ महीनों- अधिकतम एक साल- से आरएसएस और उसके कुनबे की भाषा में अचानक सनातन के इतनी प्रमुखता हासिल करने के पीछे मकसद क्या है? गोलवलकर की 1939 में लिखी किताब 'हम और हमारी राष्ट्रीयता', जिसे आरएसएस ने अभी तक आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया, फिलहाल उससे अपनी असंबद्धता ही जाहिर की है, उसमें हिन्दू राष्ट्र में रहने की 5 योग्यतायें गिनाते समय एक धर्म-सनातन धर्म- का उल्लेख छोड़कर अभी तक संघ के प्रचार साहित्य में भी सनातन का उस तरह जिक्र नहीं मिलता जिस तरह हाल के कुछ महीनो में शुरू हुआ है। हर जगह हिन्दू पहचान, हिन्दू धर्म, हिंदुत्व और उस पर आधारित हिन्दू राष्ट्र की बात मिलती है। हिंदुत्व भी वह वाला जिसे उन सावरकर ने परिभाषित किया था जो खुद किसी धर्म में विश्वास नहीं करते थे और घोषित रूप से स्वयं को नास्तिक बताते थे। संघ द्वारा अचानक से हिन्दू धर्म और हिंदुत्व को कब और क्यों गंगा में सिरा दिया गया और बंद अंधेरी गुफा में पड़े सनातन की प्राणप्रतिष्ठा कर दी गई? यह अचानक नहीं हुआ। इसकी भी एक क्रोनोलॉजी है। मुख्य वजह यह है कि हिंदुत्ववादी साम्प्रदायिकता के उभार के बाद से देशभर में चले विमर्श में हिंदुत्व के वर्णाश्रम, जाति श्रेणी क्रम के अमानवीय आधार, लोकतंत्र और समता के निषेध के आपराधिक रूप जनता के सामने आये हैं-नतीजे में इसकी अमानुषिकता उजागर हुई है। इनके कथित सामाजिक समरसता के अभियानों के बावजूद दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़े समुदायों और महिलाओं के एक बड़े हिस्से में हिंदुत्व के असली चेहरे की भयावहता सामने आई है-उनकी इसके प्रति अरुचि बढ़ी है, अविश्वास बढ़ते-बढ़ते तिरस्कार भाव तक पहुंचने लगा है। इसी के साथ, इसी बीच, हिन्दू शब्द के उद्गम को लेकर आई जानकारियों ने भी इस गिरोह को असुविधा में डाला है। लिहाजा बहुत ही सोचे-समझे तरीके से पिछले कुछ महीनों से इस कुनबे ने सनातन का नया बाना धारण करना शुरू कर दिया है।

> जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई।

हालांकि जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई। बंगाल के नवजागरण सहित ब्रह्मोसमाज आन्दोलन, दक्षिण के जाति और वर्णाश्रम विरोधी मैदानी और वैचारिक संघर्षों, महाराष्ट्र के सामाजिक सुधारकों की मुहिमों और खासकर उत्तर भारत में मूर्तिपूजा, अंधविश्वास और एक हद तक जाति-विरोधी आन्दोलन आर्य समाज के बरक्स असमानता, ऊंच-नीच और भेदभाव का धुर पक्षधर पुराणपंथ सनातन के नाम पर गिरोहबंद हुआ। 18वीं और 19वीं सदी में सनातनियों का सबसे बड़ा युद्ध जिस आर्य समाज के साथ हुआ था उस आर्य समाज का तो नारा ही वेदों की ओर वापस लौटने का था इसलिए सनातन धर्म का वैदिक धर्म के साथ कोई रिश्ता होने का सवाल ही नहीं उठता। यूं भी चारों वेदों में कहीं सनातन नहीं है, 14 ब्राह्मण ग्रंथों, 7 अरण्यकों, 108 उपनिषदों – जिनमें से ज्यादातर एक दूसरे के खिलाफ भी राय देते हैं –, में इसका कोई महात्म्य नहीं समझाया गया है। एक भागवत को छोड़कर, जो तुलनात्मक रूप से आधुनिक है, 18 पुराणों में भी सनातन का कहीं जिक्र नहीं मिलता।

श्री कृष्ण – जिनके उपदेश वाले ग्रंथ गीता को संघ भाजपा भारत का राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करता रहा है- उन्होंने तो धर्म की जो परिभाषा दी है वह सनातन को अधर्म करार देती है। वे कहते हैं कि 'जो समय के साथ नहीं बदलता, जो अपरिवर्तित और सनातन रहता है वह धर्म नहीं अधर्म है।' प्रश्न यह था कि जब द्रौपदी का चीरहरण किया गया तब द्यूत सभा में मौजूद सभी ज्ञानियों के चुप रहने पर कृष्ण ने अपनी आपत्ति दर्ज की और इसे अधर्म बताया। भीष्म और विदुर ने अपनी-अपनी प्रतिज्ञाओं के पालन का धर्म निबाहने का हवाला देते हुए खुद कृष्ण को कठघरे में खड़ा किया और कहा कि उन्होंने शस्त्र न उठाने का वचन तोड़कर खुद अधर्म किया है। इसके जवाब में कृष्ण धर्म को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि 'जिस धर्म का पालन करने की बात आप कर रहे है वह धर्म नहीं है। धर्म किसी वचन से बंधा नहीं होता, वह लगातार बदलता है, जो समय के साथ नहीं बदलता वह अधर्म है।' उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ युद्ध जैसा छेड़े आरएसएस और भाजपा यदि सनातन की सनातनता पर सचमुच में गंभीर हैं तो उन्हें पहले कृष्ण के खिलाफ मोर्चा खोलना चाहिये।

रही सनातन के शाब्दिक अर्थ के हिसाब से अनादिकाल से चले आने की बात है तो पाली भाषा में लिखे ग्रंथों में उन बुद्ध और उनके बौद्ध धर्म को भी सनातन कहा गया है जिन गौतम बुद्ध का खुद का यह कहना था कि 'दुनिया में कुछ भी स्थिर नहीं है। कुछ भी शाश्वत नहीं है। कुछ भी सनातन नहीं है। व्यक्ति और समाज के लिये परिवर्तन ही जीवन का नियम है। वेदों को प्रमाण मानने से इनकार करने वाले, ईश्वर के अस्तित्व को भी न मानने वाले पृथ्वी के इस हिस्से के पहले नास्तिक धर्म में भी 'है भी नहीं भी है' का संशयवाद है- हालांकि इसके बाद भी जैन धर्मावलंबियों का दावा है कि वह भी अनादिकाल से अस्तित्वमान है।

ठीक यही वजह है कि सनातन धर्म में सनातन क्या है यह बात कोई सनातनी भी न खुद समझ पाया है ना ही किसी को समझा पाया है। ताजा विवाद के बाद अचानक धर्मवेत्ता बन गए राजनाथ सिंह का राजस्थान में दिया गया भाषण इसी गफलत का एक और नमूना है। वे सनातन की ठीक उलटी परिभाषा देते हुए वह सब बातें बखानने लगते हैं सनातन जिनके पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि 'जो जड़ में हैं वही चेतन में है, जो पिंड में है वही ब्रह्माण्ड में है, जो छोटे में है वही बड़े में है, जो मेरे में है वही तेरे में है।' अरक्षनीय का रक्षण करते-करते वे यहां तक बोल गए कि 'जो जात पात और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता, न जिसका आदि है न अंत है वही सनातन धर्म है।' जाहिर सी बात है कि वे बता कम रहे थे छुपा ज्यादा रहे थे।

यह कुनबा जिस सनातन धर्म की बात कर रहा है वह वर्णाश्रम पर आधारित, जाति प्रथा और उसके आधार पर ऊंच-नीच यहां तक कि छुआछूत तक में यकीन करने, महिलाओं को शूद्रातिशूद्र मानने को धर्मसम्मत बताने वाली व्याधि है। यह वही जकड़न है जिससे निजात पाने के लिए कबीर से लेकर रैदास, गुरु घासीदास से होते हुए राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने अपने तरीकों से जद्दोजहद की। जोतिबा फुले से पेरियार होते हुए अम्बेडकर तक ने निर्णायक चोटें की। ईएमएस नम्बूदिरिपाद और एके गोपालन से होते हुए वाम आन्दोलन ने इसे सुधार से आगे बढ़ाया और सामाजिक बदलाव की लड़ाई से जोड़ा। इन्हीं संघर्षों का असर था जिसने भारत के संविधान के रूप में मूर्त आकार ग्रहण किया। जिसने भारत को मध्ययुगीन यातना गृह से बाहर निकाल एक सभ्य समाज बनाने की पृष्ठभूमि तैयार की। यही बाद में 70 के दशक में देश की राजनीति में सामाजिक प्रतिनिधित्व में गुणात्मक परिवर्तन के रूप में दिखा।

इस तरह यह जहां एक ओर कुख्यात हो गए हिंदुत्व की नई पैकेजिंग है वहीं दूसरी ओर इन ढाई-तीन हजार वर्षों के वैचारिक संघर्षों की उपलब्धियों का नकार भी है। संविधान और उसमें दी गई समता, समानता, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता का धिक्कार भी है। उनकी ताजा भड़भड़ाहट की वजह यह है कि हिंदुत्व और हिन्दू की जगह सनातन का जाप कर उसी पुराने और त्याज्य पर नया मुलम्मा चढ़ाने की इस कोशिश को लोग समझने लगे हैं। भट्टी सुलगने के पहले ही समता, सामाजिक सुधार, लोकतंत्र और संविधान की हिमायती ताकतें उसे बुझाने के लिए खुद जाग चुकी हैं औरों को भी जगा रही हैं। तमिलनाडु के साहित्यकारों, कलाकारों, बुद्धिजीवियों की वह सभा इसी जागरण अभियान का हिस्सा थी। कहने की आवश्यकता नहीं कि संघ और भाजपा जितना शोर मचाएंगे उतना ही इसके खिलाफ प्रतिरोध भी तेज से तेजतर होगा।

**( लेखक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा )**

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकतंत्र और संघवाद पर हमला

■ पी.सुधीर

नरेंद्र मोदी राज 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के नारे को लागू करके संसदीय लोकतंत्र और संघवाद पर दोहरा हमला शुरू करना चाहता है। सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। संदर्भ की शर्तें यह स्पष्ट करती हैं कि समिति का काम सिर्फ यह सिफारिश करना है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव को कैसे लागू किया जाये, और कानूनी और संवैधानिक कदम कैसे उठाये जायें। समिति से वही करने की उम्मीद की जा सकती है जो सरकार चाहती है क्योंकि इसे इस उद्देश्य के लिए चुना गया है और इसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हैं।

जब से भाजपा 2014 में सत्ता में आई है उसके बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते रहे हैं। उन्होंने 2020 में कहा था कि यह 'बहस का विषय नहीं बल्कि भारत के लिए एक आवश्यकता है'। भाजपा नेता एक साथ चुनाव की आवश्यकता पर घिसे-पिटे तर्क दे रहे हैं कि- इससे बार-बार चुनावों के कारण होने वाले बहुत सारे खर्च बच जाएंगे; बार-बार चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं इत्यादि।

> एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा।

मोदी के सत्ता में आने के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर तीन समितियां बनी हैं। 2015 में, कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने इस मामले पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। 2017 में, नीति आयोग ने 'एक साथ चुनाव का विश्लेषण' पर अपने चर्चा पत्र में प्रस्तावों का एक सेट बनाया और अगस्त 2018 में, विधि आयोग ने एक साथ चुनावों पर अपनी मसौदा रिपोर्ट प्रकाशित की। उन सभी ने मौजूदा राज्य विधानसभाओं में से कुछ का कार्यकाल छोटा करने या कुछ का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, ताकि उनका लोकसभा चुनावों के साथ तालमेल बिठाया जा सके।

कुछ लोगों ने पांच साल की अवधि में केवल दो बार चुनाव कराने का सुझाव दिया है – एक सेट लोकसभा और आधी राज्य विधानसभाओं के साथ और दूसरा मध्यावधि में बाकी विधानसभाओं के साथ। यदि राज्य विधानसभा चुनावों को लोकसभा चुनावों के अनुरूप लाने के लिए प्रस्तावित कदम अलोकतांत्रिक हैं और प्रतिनिधित्व और जवाबदेही के संवैधानिक आधार की जड़ पर हमला करते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये जायें कि एक साथ चुनावों से कोई विचलन न हो।

सिंक्रोनाइज़ेशन के अर्थात एक साथ चुनाव लागू करने के बाद की अवधि बदतर है। विधायिका या सरकार के कार्यकाल को कम करना या बढ़ाना, दोनों ही पार्टी-आधारित संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांत और विधायिका के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही के खिलाफ हैं। इसके अलावा, एक साथ चुनाव कराने और इसे बनाये रखने के लिए विधायिका के प्रति सरकार की जवाबदेही की संवैधानिक योजना में छेड़छाड़ की आवश्यकता होगी।

संविधान के तहत, यदि कोई सरकार अविश्वास प्रस्ताव पर वोट से बाहर हो जाती है, या धन विधेयक पर वोट हार जाती है, तो वह इस्तीफा देने के लिए बाध्य होती है और यदि कोई वैकल्पिक सरकार नहीं बन पाती है, तो सदन भंग कर दिया जाता है और मध्यावधि चुनाव आयोजित किया जाता है। संविधान में लोकसभा या राज्य विधानसभाओं के लिए कार्यकाल की कोई निश्चितता नहीं होगी। कार्यकाल की निश्चितता का मतलब यह होगा कि एक सत्तारूढ़ दल, जिसके पास सदन में स्थिर बहुमत है, वह सदन को भंग कर समय से पहले चुनाव कराने की सिफारिश नहीं कर सकता है। विधि आयोग की रिपोर्ट में यह भी प्रस्तावित है कि यदि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है, तो उसके साथ वैकल्पिक सरकार चलाने के लिए नये नेता के नाम का प्रस्ताव भी होना चाहिए। इसे 'रचनात्मक अविश्वास मत' कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि भले ही किसी सरकार को सदन के बहुमत वोट से बाहर कर दिया जाये, उसके बदले कोई वैकल्पिक सरकार होनी चाहिए, जो वास्तव में विपक्ष ही होगा जो लोगों की पसंद का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। कार्यकाल की निश्चितता के माध्यम से स्थिरता को प्रधानता दी जायेगी और चुनावी विकल्प अप्रासंगिक हो जायेगा। यह सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम करेगा।

एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा। एक साथ चुनाव होने के बाद, राज्य विधानसभाओं के प्रति जवाबदेह सरकारों का सिद्धांत और लोगों को अपनी पसंद की सरकार बनाने का अधिकार प्रतिबंधित हो जायेगा।

हम देख रहे हैं कि विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपाल राज्य सरकारों और राज्य विधानसभाओं के अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कैसा व्यवहार कर रहे हैं। एक साथ चुनाव के नाम पर लाये गये बदलावों के साथ, केंद्रीकृत नियंत्रण का मतलब होगा कि राज्यपाल केंद्र के लिए वायसराय के रूप में कार्य करेंगे।

भारत में व्यापक रूप से भिन्न राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों वाले 28 राज्य हैं (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर, जिसे विघटित कर दिया गया है)। अलोकतांत्रिक एकरूपता लागू करने का प्रयास आरएसएस/भाजपा गठबंधन का आदर्श है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा उनके 'एक राष्ट्र, एक भाषा, एक संस्कृति' के नारे के समान है।

संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक बड़ा संवैधानिक बदलाव करना होगा। संविधान में अनुच्छेद 83 (सदन की अवधि), अनुच्छेद 85 (लोकसभा का विघटन), अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि), अनुच्छेद 174 (राज्य विधानमंडलों का विघटन), अनुच्छेद 356 (राज्यों में संवैधानिक मशीनरी का फेल हो जाना) में संशोधन करना होगा। इसके अतिरिक्त लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और अन्य नियमों में संशोधन भी आवश्यक होगा।

यह स्पष्ट है कि रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली समिति चाहे जो भी सिफारिश करे, इन संवैधानिक और कानूनी कदमों के कार्यान्वयन में समय लगेगा और इन्हें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए समय पर लागू नहीं किया जा सकेगा। लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि सरकार इसकी प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। 18 से 22 सितंबर तक बुलाये गये संसद के विशेष सत्र में इस संबंध में कुछ घोषणा हो सकती है। विपक्षी दलों को सतर्क रहना चाहिए और मोदी सरकार के अगले कदम के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें तुरंत एक बड़े अभियान के साथ लोगों के पास जाना चाहिए और बताना चाहिए कि एक राष्ट्र एक चुनाव लोकतंत्र और संघवाद के लिए कितना खतरनाक है।

### पावन प्रसंग

## अपनी स्मरणशक्ति बढ़ाएं

याददाश्त बढ़ाने के अचूक नुस्खे की तलाश भी तो सभी को है, लेकिन विद्यार्थीगण इसकी कुछ ज्यादा जरूरत महसूस करते हैं। कैसे जल्दी से याद हो जाए? किस तरह याद किया हुआ फिर से न भूलें? ऐसे अनेक सवाल छात्र-छात्राओं के मन में उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। इनके जवाब के तलाश में वे कभी किन्हीं दवाओं का सहारा लेते हैं कभी कुछ करने बैठ जाते हैं। इन दिनों कई दवा कंपनियां भी विद्यार्थियों की इन परेशानियों का फायदा उठाने में लगी हैं। आकर्षक विज्ञापन, चमत्कारी वायदों के द्वारा छात्र-छात्राओं की इस जरूरत का व्यावसायिक फायदा उठाया जाता है। इतना जरूर है कि याददाश्त बढ़ाने का नुस्खा एक मृग-मरीचिका बना रहता है। इस बारे में एक बात हम सभी को अपनी गहराइयों में आत्मसात कर लेनी चाहिए कि सृष्टि में कहीं भी ऐसे चमत्कार नहीं होते। हर क्रिया, प्रत्येक घटना किसी न किसी नियम-व्यवस्था से ही परिभाषित एवं संचालित होती है, भले ही यह भौतिक नियमों के अंतर्गत हो या फिर आध्यात्मिक नियमों के अनुरूप। याददाश्त बढ़ाने के संबंध में भी ऐसा ही है। याद करने का भी एक विज्ञान है, इसकी भी कुछ तकनीकें हैं जो इसको जानते हैं, समझते हैं, वे आसानी से लाभान्वित होते हैं जो इनसे अपरिचित हैं, वे इधर-उधर भटकते रहते हैं और अनेक कोशिशों के बाद उन्हें सही समय पर मायूस होना पड़ता है। इसलिए बेहतर यही है कि उचित तकनीकों को याद करने की प्रणाली को ठीक तरह से जान लिया जाए और इसका सही सदुपयोग किया जाए। जिनके पास याददाश्त की गड़बड़ी का पिटारा है, उनकी ज्यादातर शिकायतें कुछ यों होती हैं- क्या करें याद ही नहीं होता है, याद तो किया था, पर भूल गए, न जाने क्यों अच्छी तरह से याद ही नहीं होता। याद तो रहा, पर आधा-अधूरा न जाने क्या हुआ सब कुछ याद किया कराया एकदम से भूल गए? ऐसी और इन जैसे अनेक कथनों की लंबी सूची उनके पास रहती है, जो इन परेशानी से पीड़ित हैं। स्थितियां इसके विपरीत भी देखने को मिलती हैं- एक ही बार में याद हो जाता है अथवा जितना भी पढ़ा गया सबका सब याद रहा। न जाने कितने गुजरे हुए जमाने की बात सबकी सब हूबहू याद है।

याद करने के संबंध में इन विरोधाभासी कथनों को समझने के लिए एक बड़ी मार्मिक घटना है। यह प्रसंग स्वामी विवेकानंद के जीवन का है। उन दिनों स्वामी विवेकानंद जी भारत देश में ही प्रव्रज्या कर रहे थे साथ में उनके एक गुरुभाई भी थे। स्वाध्याय, सत्संग एवं कठोर तप का अविराम सिलसिला चल रहा था। जहां कहीं कोई अच्छे ग्रंथ मिलते, वे उनको पढ़ना नहीं भूलते थे। किसी नई जगह जाने पर उनकी सबसे पहली तलाश किसी अच्छे पुस्तकालय की रहती। जिस किसी स्थान पर यह सुयोग मिलता, वे उसका लाभ जरूर उठाते। अपनी इस प्रव्रज्या में एक स्थान पर एक पुस्तकालय ने उन्हें बहुत आकर्षित किया। उन्होंने सोचा-क्यों न यहां थोड़े दिनों तक डेरा जमाया जाए। उनके गुरुभाई ने उन्हें पुस्तकालय से संस्कृत, अंग्रेजी की नई-नई किताबें लाकर देते थे। स्वामीजी उन्हें पढ़कर अगले दिन वापस कर देते। रोज नई किताबें, वह भी पर्याप्त पृष्ठों वाली, इस तरह से देते एवं वापस लेते हुए पुस्तकालय का अधीक्षक बड़ा हैरान हो गया। उसने स्वामी जी के गुरुभाई से कहा- क्या आप इतनी सारी नई-नई किताबें केवल देखने के लिए ले जाते हैं। यदि इन्हें इस तरह देखना ही है तो मैं यों ही दिखा देता हूं। इस पर गुरु भाई ने कहा- ऐसा नहीं है मेरे गुरुभाई हैं जो एक दिन में ही पढ़ लेते हैं। तब लाइब्रेरियन ने कहा- मैं उनसे मिलना चाहता हूं। अगले ही दिन गुरुभाई उन्हें मिलाने ले गए। विवेकानंद जी ने उन्हें आश्वस्त किया कहा-मैंने उन पुस्तकों को अच्छी तरह पढ़ा है तथा अक्षरशः ज्यों का त्यों उन्हें वापस की गई पुस्तक से कुछ अंशों सुना दिए। तब लाइब्रेरियन ने पूछा- यह कैसे संभव है? उन्होंने कहा- इसमें न कोई चमत्कार है न कोई रहस्य। यह तो मात्र एक मानवीय तकनीक भर है। इस तकनीक का पहला चरण है-जो कुछ पढ़ा जाए, या सुना जाए उसे शांत मन से स्थिर होकर सुना जाए। इंद्रियां तो मन को संदेश भेजने का द्वार भर हैं। असली चीज तो मन होता है। मन की धारणा शक्ति या मेधा जितनी होती हैं उतना ही मन पर अंकित हो जाता है। याद करना एवं वापस याद आना तो बस एक प्रक्रिया भर है।

**युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## भारत बनाम इंडिया : नाम में क्या रखा है ?

महान नाटककार शेक्सपियर ने कहा है कि 'नाम में क्या रखा है?' अगर गुलाब को किसी अन्य नाम से पुकारें तो क्या वह खुशबु देना बंद कर देगा, नहीं न! ठीक ऐसे ही हम अपने देश को भारत कहें या फिर इंडिया, क्या फ़र्क पड़ता है? फर्क तो इस बात से पड़ेगा कि भारत की जीडीपी कितनी तेजी से बढ़ कर दुनिया के कितने देशों को पीछे छोड़ दिया या फिर भारत का एचडीआई रैंकिंग अब कितनी अच्छी है? या भारत से कितनी गरीबी दूर हो चुकी है? या भारत में महिलाएं अब कितनी सुरक्षित हैं? ये सरकारें भी न बड़ी अजीब होती है! जब उनके पास देश की समस्याओं पर लोगों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का जवाब नहीं होता तो फिर वे कुछ ऐसे ही निरर्थक मुद्दों को उठा कर लोगों की झोली में डाल देती है, जिसके बाद देश की जनता के विमर्श का मुद्दा देश की समस्या न हो कर नाम हो जाता है।

वर्तमान भारत में सबसे बड़ा विमर्श का विषय देश के नाम को लेकर है। इस पूरे बहस की शुरुआत राष्ट्रपति भवन से आए निमंत्रण पत्र से हुई, जिसमें प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा था, जिसके बाद से विपक्ष ने हाय-तौबा मचा दिया है। हालांकि यह विमर्श संविधान सभा के बहस में भी हुआ था। 18 सितंबर,1949 को डॉ. आंबेडकर ने जब संविधान के ड्राफ्ट को पेश किया, जिसके अनुच्छेद-1 में कहा गया कि इंडिया, जो कि भारत है राज्यों का एक संघ होगा। संविधान की इस पहली पंक्ति पर ही विवाद हो गया। संविधान सभा के सदस्य एचवी कामथ ने इसका खुल कर विरोध किया। उन्होंने सलाह भी दी थी कि भारत या फिर अंग्रेजी में लिखा जाए कि इंडिया राज्यों का एक संघ होगा। इस वाक्य के लिए उन्होंने आयरलैंड के संविधान का तर्क भी दिया था।

काफी बहस के बाद मतदान करवाना पड़ा और उसके बाद यह तय हुआ कि भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाओं में लिखित ऐतिहासिक साहित्य, धार्मिक ग्रंथों, लोगों की आस्थाओं, उनके जुड़ाव और भावनाओं का मान रखते हुए भारत शब्द को उसका सम्मान दिया जाएगा। इन सब पहलुओं पर विचार के बाद ही भारत के संविधान की शुरुआत में लिखा गया, इंडिया दैट इज 'भारत'। यानी कि भारत के संविधान के अनुसार हमारे देश का नाम भारत और इंडिया दोनों को ही समान नजर से देखा गया।

हमारे देश का नाम भारत रखे जाने का इतिहास प्राचीन काल और पौराणिक कथाओं से जुड़ता है।हिन्दू ग्रन्थ स्कन्द पुराण के अध्याय-37 के अनुसार भारत के नाम की कहानी तो सीधे ऋषभदेव के पुत्र भरत से जुड़ती है,जिसके नाम पर भारत नाम पड़ा है। वहीं दूसरी तरफ इंडिया नामकरण को सिंधु नदी से जोड़ा जाता है। सिंधु नदी का दूसरा नाम इंडस भी था जबकि सिंधु सभ्यता के चलते भारत की सिंधु घाटी की सभ्यता को एक और पुरानी सभ्यता युनान जो आज का ग्रीक है वे लोग इंडो या इंडस घाटी की सभ्यता कहा करते थे। ऐसे में इंडस शब्द लैटिन भाषा में पहुंचा तो यह इंडिया हो गया।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर दोनों ही नाम भारत की संस्कृति से संबंधित है और इस बात पर बहस कि सांस्कृतिक विरासत के लिए भारत नाम ही उपयोगी है, यह बात कहना पूर्ण न्यायोचित नहीं है बल्कि राजनीति साधने के लिए देश के समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए यह नामकरण का मुद्दा उठाया गया है। इन सबके बावजूद अगर केंद्र सरकार इंडिया की जगह केवल 'भारत' को आधिकारिक नाम बनाने का निर्णय लेती है, तो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 1 में संशोधन करने के लिए एक विधेयक पेश करना होगा। इसके लिए कानून संविधान के अनुच्छेद 368 को साधारण बहुमत संशोधन या विशेष बहुमत संशोधन के माध्यम से संशोधित करने की अनुमति देता है। लेकिन अनुच्छेद 1 में कोई भी बदलाव करने के लिए उस सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले कम से कम दो-तिहाई सदस्यों के विशेष बहुमत (66 प्रतिशत) की आवश्यकता होगी,जिसके लिए सरकार को मशक्कत करनी पड़ सकती है।

**– नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

## प्रथम वर्षगांठ पर कांग्रेस ने निकाली विशाल रैली

# भारत जोड़ों नफरत छोड़ों से गूंजा जिला



**पन्ना, देशबन्धु।** विगत वर्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा कन्या कुमारी से कश्मीर तक 136 दिन की चार हजार एक सौ किलोमीटर की लंबी यात्रा निकाली थी। जिसको भरपूर समर्थन देश की जनता का मिला था। उक्त यात्रा का उद्देश्य देश में लोगो को जोडने तथा नफरत फैलाने वालो को मुंह तोड जवाब देने का था। उसी यात्रा की प्रथम वर्षगांठ पर जिला मुख्यालय में स्थानीय गांधी चौक से विशाल रैली नगर मे निकाली गई। रैली का शुभारंभ स्थानीय गांधी चौक से हुआ है। सर्वप्रथम पूज्य बापू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण से किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी सीपी मित्तल, जिला प्रभारी जीवन पटेल तथा सह प्रभारी प्रवीण खरे मुख्य रूप से उपस्थित रहें। यात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह द्वारा किया गया। उक्त यात्रा में जिले भर के कांग्रेस के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल रहें। गांधी चौक से प्रारंभ हुई उक्त यात्रा पंचम सिंह चौराहा, महेन्द्र भवन चौराहा, अजयगढ चौराहा, बडा बजार, गोविन्द चोक, बल्देव चौक, कटरा बाजार, कोतवाली चौराहा होते हुए गांधी चौक पर समापन हुआ। यात्रा के दौरान जमकर भारत जोडो, नफरत छोडो के नारे लगाये गयें। उक्त यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष दिव्या रानी सिंह, शारदा पाठक, विधायक शिवदयाल बागरी, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी, पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह परमार, वरिष्ट कांग्रेस नेता रवेन्द्र शुक्ला, भरत मिलन पान्डेय, रावेन्द्र सिंह मुन्ना राजा, अरूण पाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष दादूराम मिश्रा, अक्षय तिवारी, श्रीकांत दीक्षित सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहें। उक्त कार्यक्रम के संयोजक युवा नेता अंकित शर्मा रहें।

## कलेक्टर की अनूठी पहल :13 दिवसीय पन्ना जनसेवा अभियान का शुभारंभ आज

# घर-घर संपर्क कर हितग्राहियों के लिए जाएंगे आवेदन



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने अनूठी पहल कर अत्यावश्यक हितग्राही मूलक शासकीय योजनाओं व नागरिक सेवाओं के लाभ से अब तक किन्हीं कारणों वश वंचित लोगों और शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के उद्देश्य से पन्ना जनसेवा अभियान की शुरूआत की है। 8 से 20 सितम्बर तक संचालित होने वाले अभियान के जरिए जिले के नागरिकों को आसानी से योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। 13 दिवसीय अभियान के दौरान ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तरीय दल द्वारा चिन्हित योजनाओं का लाभ डोर-टू-डोर भ्रमण कर एवं पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर प्रदान किया जाएगा। अभियान पश्चात 30 सितम्बर तक पात्र हितग्राहियों को लाभ का वितरण होगा। कलेक्टर ने पन्ना जनसेवा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जबकि सभी एसडीएम अपने अनुविभाग अंतर्गत नोडल अधिकारी और जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ अपने क्षेत्र अंतर्गत सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

**इन नागरिक सेवाओं का मिलेगा लाभ :** अभियान में मुख्यत: खाद्यान्न पात्रता पर्ची जारी करने, पात्र पेंशन हितग्राहियों के नाम जोड़ने, आयुष्मान कार्ड बनाने, संबल 2.0 पंजीयन, अविवादित नामांतरण-बंटवारा और समग्र आईडी में नाम जोड़ने संशोधन के आवेदन लिए जाएंगे। अन्य योजनाओं के लाभ के लिए भी नागरिकों द्वारा आवेदन किया जा सकेगा। हितलाभ वितरण और हितग्राही चिन्हांकन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अलावा अधिकारियों की जनसेवा अभियान की मॉनीटरिंग के लिए ड्यूटी भी निर्धारित की गई है।

# अतिक्रमण की चपेट में, शहर आम रास्तों पर भी किया जा रहा कब्जा, प्रशासन कर रहा अनदेखी



**पन्ना, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों जिला प्रशासन एवं नगर पालिका में बैठे कर्मचारियों की मिली भगत से नगर के चारों अतिक्रमण लगातार हो रहा है जिसकी जानकारी संबंधित विभाग को होते हुए भी कार्रवाई न होने से भूमाफियाओं के हौसले बुलंद है। भू-माफिया की नजर शासकीय जमीनों सार्वजनिक स्थान तालाबों पर कब्जा कर एवं भोले भाले लोगों का अपना निशाना बना रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन को जानकारी होते हुए भी चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसा ही एक मामला आगरा मोहोल्ला का है रेखा पटेल पति लक्ष्मी प्रसाद पटेल निवासी आगरा मोहल्ला ने बताया कि मेरा मकान खसरा नंबर 739 में विगत कई वर्षों से बना हुआ है जिसके उत्तर दिशा में शासकीय रोड डाला गया है शासकीय की रोड निर्माण में 26 दिसम्बर 13 को नगर पालिका पन्ना ने 2,23000 खर्च भी किए है। कुछ लोगों ने सार्वजनिक रोड पर गेट लगाकर सार्वजनिक रास्ता बंद कर दी है लोगों का आवा गमन रुक गया है उन्होंने बताया कि मेरे मकान के दो दरवाजे बंद हो गए हैं तीसरा दरवाजा फोर व्हीलर मोड नहीं पाते है जिसकी शिकायत जनसुनवाई में भी की है। लेकिन निराकरण नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि आवेदन पर आवेदन देते रहते हैं, चक्कर लगाते हैं लेकिन जनसुनवाई करने वाले अधिकारी, एक हाथ से आवेदन लेकर दूसरे हाथ से नगर पालिका अथवा राजस्व विभाग को कार्रवाई के लिए दे देते हैं लेकिन संबंधित अधिकारी आवेदन लेने के बाद कार्रवाई नहीं कर रहे है एवं टालमटोल किया जा रहा है। थाना कोतवाली नगर पालिका 181 में भी शिकायत कर चुके है लेकिन कोई कार्यवाही नही हो रही है। आवेदक ने सार्वजनिक रास्ता खुलवाने जिला प्रशासन से समाचार के माध्यम से गुहार लगाई है।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में जारी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शाासकीय कन्या महाविद्यालय पन्ना की छात्राओं और शासकीय हाईस्कूल रक्सेहा के विद्यार्थियों द्वारा विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की संकल्प पूर्ति के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य मार्गों में भ्रमण पश्चात रैली का समापन हुआ।

स्कूल व कॉलेज शिक्षक भी रैली में शामिल हुए। स्वीप कार्यक्रम में निजी संस्थाओं द्वारा भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस क्रम में गुरुवार को आधार संस्था द्वारा भी नगर के मुख्य मार्गों से जागरूकता रैली निकाली गई।

# छात्रा से दुष्कर्म कर बनाया वीडियो

### प्रसारित करने की धमकी देकर कर रहा था शारीरिक शोषण

**भोपाल, देशबन्धु।** मिसरोद इलाके में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित उसे स्कूल से घुमाने के बहाने लेकर गया और बाद में दोस्त के कमरे पर ले जाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने छात्रा का अश्लील वीडियो भी बना लिया और उक्त वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर दो माह तक उसका दैहिक शोषण भी किया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़िता घर से भाग गई और गौरवी संस्था के संपर्क में आई। गौरवी के सदस्यों ने जब पीड़िता को समझा-बुझाकर पूछताछ की, तब उसने अपने साथ हो रही ज्यादती के बारे में बताया।

मिसरोद पुलिस के मुताबिक नर्मदापुरम रोड पर एक कालोनी में 15 वर्षीय नाबालिग अपने परिजनों के साथ रहती है। वह 11वीं कक्षा की छात्रा है। छात्रा जून के महीने में अपनी मां की सहेली के घर गई थी, जहां पर उसकी पहचान विमलेश से हुई थी। बाद में दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। जुलाई 2023 को विमलेश छात्रा के स्कूल पहुंच गया, जहां से उसे वह घुमाने के बहाने अपने साथ लेकर गया और आशिमा माल घुमाने के बाद दोस्त के कमरे पर ले जाकर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद आरोपित ने पीड़िता को उसके घर पर भी छोडा और उसे धमकी दी कि उसका अश्लील वीडियो उसने बना लिया है, अगर उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो वह उसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर देगा। इसके बाद आरोपी ने उसकी मर्जी के खिलाफ दो बार अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर दैहिक शोषण भी किया। जब पीडिता की मां को घटनाक्रम की जानकारी हुई तो मां ने बेटी को डांट दिया। उसके बाद छात्रा घर छोड़कर आरोपी के रिश्तेदार के घर पहुंच गई। लड़की अपने घर नहीं जाना जा रही थी तो रिश्तेदार ने उसके बारे में गौरवी संस्था से संपर्क किया तथा छात्रा को संस्था की महिला प्रतिनिधियों के साथ भेज दिया। संस्था ने जब उसकी परामर्श किया तो छात्रा ने ज्यादती की बात बताई। इसके बाद मिसरोद थाने में मामले की शिकायत कर दी गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया है कि आरोपी एक निजी कंपनी में प्रबंधक है।

# मोटर साईकिल बुलेरो मे भिडंत एक की मौत, एक घायल

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के देवेन्द्र नगर थाना अन्तर्गत बडवारा मोड के पास बुलेरो तथा मोटर साईकिल मे तेज टक्कर हो गई। जिसमें मोटर साईकिल चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा उसका साथी बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मोटर साईकिल चालक सतना की ओर जा रहा था तथा बुलेरो पन्ना की ओर आ रही थी। तेज रफ्तार बुलेरो ने टक्कर मारी है। जिसमें बिलखुरा ग्राम निवासी राजेश आदिवासी उम्र 27 वर्ष की मौत हो गई है तथा उसका साथी बुरी तरह घायल हुआ है। जिसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर देवेन्द्र नगर पुलिस घटना स्थल पर पंहुची थी तथा मृतक एवं घायल को जिला चिकित्सालय भेजा गया था फ्लिहाल मर्ग कायम कर लिया है तथा मामले की विवेचना की जा रही है।

# कार की चपेट में आया मासूम, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** बागसेवनिया इलाके में तीन साल के एक मासूम की पड़ोसी की कार से टक्कर लगने से मौत हो गई। बागसेवनिया थाना पुलिस ने बताया कि संतोष वाल्मीकि शनि मंदिर के पास बागमुगालिया इलाके में रहता है और निजी काम करता हैं। मंगलवार रात उसका तीन साल का बेटा अर्जुन घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान संतोष के घर के पास में रहने वाला सुजीत अहिरवार अपने परिवार को कार से धुमाकर वापस लाया और परिवार को कार से उतारने के बाद वह कार निर्धारित स्थान पर खड़ी करने के लिए पीछे करने लगा। उसी दौरान अर्जुन खेलते-खेलते कार के पीछे पहुंच गया और पीछे हो रही कार की टक्कर लगने से जमीन पर गिरकर अचेत हो गया। बच्चे को बेसुध देखकर सुजीत घबरा गया और अपनी ही कार से उसे बावाडिया कलां के निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस का कहना है कि मासूम के शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नजर नहीं पाए गए। उससे यह पता नहीं लग पाया है कि उसे कहां चोट लगी है। अनुमान है कि उसे अंदरूनी चोट लगी थी। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, झमाझम से किसानों को राहत

**भोपाल, देशबन्धु।** अगस्त का महीना तपन और मानसून की बेरुखी में बीतने के बाद अब किसानों के लिए बड़ी राहत मिली है। चूंकि लंबे ठहराव के बाद फिर पूरे प्रदेश में झमाझम वर्षा का दौर शुरू हुआ है। किसानों की सूख रही फसल को अमृत की बूंदे मिली हैं। आम लोगों को भी गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। अगले 24 घंटों में भी मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की जा चुकी है। अगले 24 घंटों में नरसिंहपुर, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में भारी वर्षा का अनुमान है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने टीकमगढ़, निवाड़ी, उज्जैन, आगर जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।


## कार्यालय नगर परिषद शाहगढ़, जिला सागर

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2023/1128 — शाहगढ़, दिनांक 05/09/2023

### //निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www. mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि (वर्षाकाल सहित ) एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_305234_1 06.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर सड़क मरम्मत कार्य | 1- 03 माह 2- 8.37 लाख | 1- 2000.00 2- 8500.00 | 21-09-2023 |
| 2. | 2023_UAD_305235_1 06.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत जोन क्रमांक 01 में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 03 माह 2- 8.35 लाख | 1- 2000.00 2- 8500.00 | 21-09-2023 |
| 3. | 2023_UAD_305236_1 06.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत जोन क्रमांक 02 में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 03 माह 2- 8.42 लाख | 1- 2000.00 2- 8500.00 | 21-09-2023 |
| 4. | 2023_UAD_305237_1 06.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत जोन क्रमांक 03 में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 03 माह 2- 8.34 लाख | 1- 2000.00 2- 8500.00 | 21-09-2023 |

नोटः- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद शाहगढ़, जिला सागर**


# अदालर्त ने दुष्कर्म मामले में किया बरी, जेल से बाहर आए मिर्ची बाबा

**भोपाल, देशबन्धु।** दुष्कर्म के आरोप में भोपाल की केन्द्रीय जेल में बंद वैराग्यानंद गिरी उर्फ मिर्ची बाबा 13 महीने बाद जेल से बाहर आए हैं। चूंकि भोपाल की अदालतने उन्हें दुष्कर्म मामले में बरी कर दिया है। अदालत का फैसला आने के बाद रात को मिर्ची बाबा को जेल से रिहा कर दिया गया। गौरतलब है कि रायसेन की 28 साल की नि:संतान महिला ने मिर्ची बाबा पर नशीली भभूति खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।पीड़ित महिला ने 8 अगस्त 2022 को भोपाल के महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शुरुआती जांच के बाद महिला थाना पुलिस ने मिर्ची बाबा के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने मिर्ची बाबा को 9 अगस्त 2022 को ग्वालियर से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही मिर्ची बाबा भोपाल जेल में बंद थे।

मिर्ची बाबा के वकील श्रीकृष्ण घोंसले के मुताबिक, पीड़िता ने जिस दिन भोपाल में रायसेन रोड स्थित मिनाल रेसीडेंसी में घटना होने की शिकायत की थी। उस दिन मिर्ची बाबा ग्वालियर में थे। इसके कई अलग-अलग सबूत दिए गए थे। इनमें तस्वीरें और वीडियो तक शामिल है। इन सबूतों के ाधार पर अदालत ने मिर्ची बाबा को दुष्कर्म मामले में बरी कर दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भारत ने सहयोग बढ़ाने....** आसियान भागीदारों के साथ भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक को साझा करने, डिजिटल परावर्तन एवं वित्तीय कनेक्टिविटी में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजिटल भविष्य के लिए आसियान-भारत कोष स्थापित करने की घोषणा की गई। इसी प्रकार से 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने इस मंच के महत्व को दोहराया तथा इसे और मजबूत करने के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की।

**नफरत के बाजार में खुल....** ने यात्रा के दौरान अपने मन की बात नहीं की बल्कि इस अवसर का इस्तेमाल जनता की चिंता को सुनने के लिए किया। यह यात्रा अलग-अलग रूपों में आज भी जारी है। यह देश भर में छात्रों, ट्रक ड्राइवर्स, किसानों और कृषि श्रमिकों, मैकेनिकों, सब्जी व्यापारियों, एमएसएमई के साथ राहुल गांधी की मुलाक़ातों एवं मणिपुर में उनकी उपस्थिति के साथ-साथ लद्दाख की उनकी सप्ताह भर की विस्तारित यात्रा से स्पष्ट है।'

**भारत व इंडिया में भिड़ंत....** क्योंकि यह देश के वर्तमान और भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है।' भारत छोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, आज ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ पर मैं लाखों निडर भारतीयों का धन्यवाद करता हूं। यह यात्रा मीलों और किलोमीटरों में नहीं नापी जा सकती है। यह यात्रा सैकड़ों भाषाएं, लाखों आहें, करोड़ों उम्मीदों के रास्ते से होते हुई भारत के दिल में समा गई। यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है।

**सरकार स्वच्छ वायु सुनिश्चित...** प्रयासों से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद मिल रही है। केंद्रीय मंत्री ने ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, बैटरी अपशिष्ट, निर्माण, विध्वंस अपशिष्ट और टायर तथा खतरनाक अपशिष्ट को कवर करने वाले अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की अधिसूचना पर


फोन नं.(कार्या.)221900 (निवास)222622
फेक्स 07582-222070,224543
ईमेल-dm.sagar@nic.in

## न्यायालय जिला दण्डाधिकारी सागर जिला सागर म.प्र.

### इश्तहार

क्रमांक 6990/रीडर/2023 — सागर दिनांक 28.08.2023
प्र.क्र.42 /अन्य विविध / 2023

इस इश्तहार के माध्यम से, सर्व साधारण/हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है-पुलिस अधीक्षक सागर ने पत्र क्र./पु.अ./सागर/रीडर/जि.द./57/2023 दिनांक 09.08.2023 जो की प्राप्त दिनांक 24.08.2023 के माध्यम से अवगत कराया कि थाना प्रभारी बीना ने दिनांक 03.08.2023 को मुखबिर से प्राप्त सूचना सत्यापन पर स्थान- बीना आगासोद रोड पर रामशंकर खटीक के ढाबे के पास, वाहन बजाज डिस्कवर मोटर साईकिल क्रमांक MP-15-MH-5266 से दौरान चैकिंग कुल 63 बल्क लीटर देशी लाल मसाला शराब कीमत लगभग 31,500/- रूपये बिना किसी वैध दस्तावेज/लाईसेंस के परिवहन करते पाये जाने पर विधिवत कार्यवाही उपरांत अपराध क्रमांक 467/2023 आबकारी एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है। वाहन मालिक का नाम गौरीशंकर लखेरा पिता कंछेदीलाल लखेरा बिलगैया वार्ड बीना है।

पुलिस अधीक्षक सागर ने, थाना प्रभारी बीना जिला सागर के अपराध क्रमांक 467/2023 आबकारी अधिनियम धारा-34 (2) में जप्तशुदा उपरोक्त वाहन एवं 63 बल्क लीटर देशी लाल मसाला शराब को धारा-47(क) (2) आबकारी एक्ट के तहत राजसात किया जाना प्रस्तावित किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति हो अथवा पक्ष रखना चाहता है, तो इस न्यायालय में दिनांक 11.09.2023 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के उपरान्त प्राप्त आवेदन/दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से जारी।

जी-19342/23

**जिला दण्डाधिकारी**
**जिला- सागर ( मध्यप्रदेश )**



## मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, बीना (सं./सं.) संभाग

क्रं./का.अभि.बी./विधिक — बीना, दिनांक

### नेशनल लोक अदालत दिनांक 09.09.2023

नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09.09.2023 (शनिवार) को बीना (सं./ सं.) संभाग के विद्युत उपभोक्ताओं के लिये माननीय विशेष न्यायालय बीना में किया जा रहा हैं।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने विवादित बिजली प्रकरणों को नेशनल लोक अदालतों के जरिए निपटाने का फैसला लिया हैं। कंपनी ने यह निर्णय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत न्यायालयों में लंबित प्रकरण एवं जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं ऐसे प्रकरणों के त्वरित निराकरण किया जाना हैं। लिटिगेशन एवं प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्नलिखित निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निम्नानुसार छूट दी जावेगी:-

(1) प्रिलिटिगेशन स्तर परः- कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत् एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत् प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

( 2) लिटिगेशन स्तर परः- कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत् एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत् प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट, आंकलित सिविल दायित्व राशि रूपये 50,000/- तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी।

अधिक जानकारी के लिये संबंधित वितरण केन्द्र कार्यालय में संपर्क कर पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

"विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"

**कार्यपालन अभियंता (सं./ सं.)**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. बीना संभाग**


# रंग संस्कृति नाट्य समारोह में शहर के साहित्यधर्मी, कलाकार सम्मानित होंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** विधायक विश्रामगृह स्थित शहीद भवन में रंग संस्कृति समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रंग संस्कृति नाट्य समारोह में प्रसीद्ध रंगकर्मियों के निर्देशन में होने वाले नाटकों के मंचन के साथ शहर के कलाकार एवं साहित्य धर्मी भी सम्मानित होंगे। रंगकर्मी एवं आयोजन समिति के सचिव यतीन्द्र अत्रे ने बताया कि 8 सितंबर से आरंभ होने वाले इस तीन दिवसीय नाट्य समारोह के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न विधाओं में कलाकारों एवं साहित्य धर्मियों द्वारा दिए अवदान के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित करने का निर्णय समिति ने लिया है।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला सागर (म.प्र.)

क्रमांक/1022/खनिज/2023 — सागर दिनांक 25.08.2023

### सूचना
**( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )**

यह सूचित किया जाता है कि, म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18-क, के तहत उत्खनन पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न सूची अनुसार ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| क्र. | आवेदक का नाम व पता | तहसील व जिला | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य | खनिज का का नाम | आवेदन दिनांक | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती सारिका ठाकुर पत्नि श्री लाखन सिंह पता- ग्राम अटारी बेरखेड़ी, तह. देवरी जिला सागर | तह. देवरी जिला सागर | छेवला | 109/1 | 10.000 | शासकीय भूमि | पत्थर (यांत्रिकी क्रिया द्वारा गिट्टी निर्माण) हेतु | 24.08.2023 | उत्खनन पट्टा आवेदन पत्र |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला सागर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

जी-19335/23

**प्रभारी अधिकारी**
**खनिज शाखा जिला-सागर**

चिंकारा शिकार मामले में हाईकोर्ट की सख्ती

# वनविभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित 3 अधिकारियों को नोटिस जारी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में चिंकारा का शिकार कर उनके मीट का परिवहन करने वालों पर कार्यवाही न होने के मामले में जबलपुर हाई कोर्ट ने सख्ती बरतते हुए वन विभाग के एडशिनल चीफ सेकेट्री सहित अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ और जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने वन अधिकारियों से पूछा है कि अब तक इस मामले में प्रकरण दर्जकर कार्यवाही क्यो नहीं की गई।

दरअसल इस पूरे मामले को हाईकोर्ट तक पहुंचाने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया कि वर्ष 2010, 20 मई को आबकारी अधिकारियों ने सफेद बुलेरो गाड़ी से अवैध शराब और चिंकारा का 4 किलो मीट जब्त किया था। उसके बाद विभाग ने उक्त मांस को टीकमगढ़ के वन अधिकारियों को सौंपा। तदुपरांत मीट को जांच के लिए वाइल्ड लाइफ इंस्ट्रीट्यूट देहरादून भेज दिया गया। अगस्त 2010 में आई रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि उक्त मीट चिंकारा का था। फिर भी मामले में दोषियों पर विभाग ने कार्यवाही नही की। जिसके बाद ओमप्रकाश प्रजापति ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई। जिसके बाद वन विभाग के एडिशनल चीफ सेकेट्री, प्रधान मुख्य वन संरक्षक भोपाल, सीसीएफ छतरपुर और डीएफओ




टीकमगढ़ को पक्षकार बनाते हुए न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जबाव पेश करने के निर्देश दिए है।

### विभाग ने कहा- नही आया ऐसा मामला

तत्कालीन वनपरिक्षेत्राधिकारी टीकमगढ़ राजेन्द्र पस्तोर ने 8 जुलाई 2020 को अपने विभाग को यह प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि मई 2010 के दौरान वाहन में जब्त वन्यप्राणी के मांस विसरा के संबंध में कोई प्रकरण पंजीबद्ध नहीं है। 1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 की स्थिति में एफओसीआर पंजीबद्ध में वाहन से कोई वन्यप्राणी का मांस जब्त का प्रकरण पंजीबद्ध नही किया गया।

### सांठ-गांठ कर मामला किया रफा-दफा

आबकारी उपनिरीक्षक टीकमगढ़ ने 20 मई 2010 को अब्दुल कलीम पुत्र अब्दुल नईम निवासी मोटे का मुहल्ला के विरूद्ध धारा 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। उक्त प्रकरण में जब्ती के समय मौके पर तैयार किए गए पंचनामा में स्पष्ट रूप से 4 किलो अज्ञात जानवर के मांस को जब्त करने की बात कही गई थी। बाद में विधिवत परीक्षण के लिए वन विभाग टीकमगढ़ को सौंपा गया था। डायरेक्टर वन्यप्राणी संस्थान ने भी जांच में पाया कि मांस चिंकारा वन्यप्राणी जानवर का है। लेकिन वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अपराधियों से सांठ-गांठ कर मामले को रफा-दफा कर मूल नस्ती पत्रावलियों को भी खुर्द-बुर्द कर संगीन अपराध किया गया है।

जिला मुख्यालय जाकर धरना देंगी महिला सरपंच

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य में गड़बड़ी कर रहा ठेकेदार





**जतारा, देशबन्धु।** ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा गांव में सरकारी अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार द्वारा भारी भृष्टाचार करते हुए गुणवत्ताहीन सामग्री का इस्तेमाल किए जाने की शिकायत ग्राम सरपंच ने जिला प्रशासन को पत्र लिख करके की है। सरपंच श्रीमती जयकुंवर सिंह ने बताया है कि ग्राम पंचायत उदयपुर में 48 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के पिलर और दीवालों में अभी से दरारें आ रही हैं। ग्राम पंचायत की महिला सरपंच के द्वारा जिला प्रशासन को भेज गए पत्र में बताया है कि प्राथमिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण एस्टीमेट के आधार पर नहीं कराया जा रहा है। भवन के निर्माण में सीमेंट और सरिया कम डाला जा रहा है। सीमेंट कम रेत अधिक उपयोग किया जा रहा है। दीवालों की तलाई भी नहीं की जा रही है। पानी के लिए कोई बोर नहीं किया गया है, टैंकर के माध्यम से पानी आता है जिससे सही तलाई नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायत उदयपुर की सरपंच श्रीमती जय कुमारी ने कहा कहा है कि भवन निर्माण कार्य गुणवत्ता हीन कराया जाता है तो जिला मुख्यालय पर हम कलेक्ट्रेट में जाकर धरना रखेंगे और बिल्डिंग के निर्माण कार्य का विरोध करेंगे।

### इनका कहना है

*मुझे इस तरह के मामले की अभी शिकायत मिली है। हम जांच कराते हैं। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।*

***लोकेंद्र सिंह सरल, एसडीएम जतारा***

*मेरे द्वारा निर्माण कार्य का निरीक्षण किए जाने पर कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। अगर सरपंच का आरोप है कि निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जा रही है तो फिर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जाएगा।*

***अभिशेष चतुर्वेदी, उपयंत्री पीआईसी***

# आज निकलेगी चुनरी यात्रा, ओरछा के लिए पैदल रवाना होंगे भक्त

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** नगर में आज शुक्रवार को दो धार्मिक यात्राएं एक साथ निकाली जाएगी। टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी द्वारा जहां विशाल चुनरी यात्रा को निकाली जाएगी तो वहीं कांग्रेस नेता संजय नायक ओरछा तक पदयात्रा पर निकलेंगे। विधायक राकेश गिरी ने बताया कि टीकमगढ़ में अच्छी वर्षा और सुख समृद्धि के लिए यह यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के माध्यम से हजारों भक्त मां बगाज के दरबार एक साथ पहुंचकर मत्था टेकेगे। इस विशाल चुनरी यात्रा का शुभारंभ नजरबाग मंदिर से होगा। जो शहर के सैलसागर, सिंधी धर्मशाला, लुकमान चौराहा, कटरा बाजार, नगरभवन, पुरानी तहसील, अवस्थी चौराहा, पपौराहा, सागर मार्ग स्थित ग्राम पपौरा, माडूमर, पठा, जटउवां तिगैला, आमरझोर होते हुए सुंदरपुर गांव से बगाज माता मंदिर पहुंचेगी। यहां माता को चुनरी अर्पण की जाएगी।

### हनुमान मंदिर से होगी पदयात्रा शुरू

कांग्रेस नेता संजय नायक आज सुबह 6 बजे ओरछा तक की पदयात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर से करेंगे। तीन दिवसीय इस पदयात्रा का रात्रि विश्राम बम्हौरी में होगा। 9 सितम्बर को पदयात्रा मडिया पहुंचेगी। फिर नैगुवां में रात्रि विश्राम होगा। 10 सितम्बर को ओरछा रामराजा सरकार के दरबार में पूजा अर्चना की जाएगी। यात्रा में शामिल लोगों को महाप्रसाद का वितरण कांग्रेस नेता संजय नायक द्वारा कराया जाएगा। श्री नायक ने बताया कि क्षेत्रवासियों के जन कल्याण के संकल्प के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा पूर्ण रूप से धार्मिक है। बुंदेलखण्ड में लगातार पड़ रहे सूखे को भगवान रामराजा सरकार दूर कर सकेंगे। इसी महासंकल्प के साथ हमने यात्रा निकालने का निर्णय लिया है।

# बीते 24 घंटे में हुई 49.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

**टीकमगढ़।** जिले में एक जून से 7 सितम्बर 2023 तक 687.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 7 सितम्बर 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ में 759 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 748, बल्देवगढ़ में 679, खरगापुर में 622, जतारा में 623, मोहनगढ़ में 724, लिधौरा में 679 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 666 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 7 सितम्बर तक 49.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ में 22 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 60, बल्देवगढ़ में 73, खरगापुर में 68, जतारा में 52, मोहनगढ़ में 5, लिधौरा में 49 और पलेरा में 65 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

उड़द और मूंग की फसलों को नुकसान, कहीं खुशी कहीं गम का मारा किसान

# बारिश से मूंगफली की फसलों को मिला जीवनदान

**जतारा, देशबन्धु।** बारिश होने से अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों के खेतों में खड़ी मूंगफली की फसलों को बारिश होने से सूखने से बच जाने से किसानों को राहत मिली है। किसानों के द्वारा अपने खेतों में जो कर्ज लेकर फसलें बोई गई थी, वह बीते 15 दिन से बारिश नहीं होने से खेतों में सूखने लगी थी और किसानों में हाहाकार मचा गया था। जतारा विधानसभा क्षेत्र में किसानों के द्वारा कई स्थानों पर धार्मिक आयोजन किये जा रहे, लेकिन बीते तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसानों के खेतों में खड़ी मूंगफली की फसलों को पानी मिलने से किसानों ने राहत की सांस ली है।

किसानों का कहना है कि फसलों को जीवनदान मिल गया है। आने वाले समय में मूंगफली की फसलों से किसान अच्छी पैदावार होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। किसानों का कहना है कि बारिश होने से आने वाले समय में भी गेहूं, चना, मटर, मसूर आदि की फसलों को भी राहत मिलेगी। बैरवार गांव के किसान महेंद्र सिंह, मुहारा के सुरेश यादव, कैलाश, उपेन्द्र सिंह, सगरवारा के भरोसी, दिनऊ गांव के बिरघे रैकवार, संतराम यादव, दादपुरा,



कलरा कंजना, आलपुर, बम्होरी कलां, कल्याण सिंह, नारायण दास घोष, रामकिशन कुशवाहा ने कहा कि बारिश होने से उड़द और मूंग की फसलें खराब होने लगी है जबकि मूंगफली की फसलों को राहत मिल रही है। किसानों का कहना है कि अगर यह बारिश एक सप्ताह पहले हो जाती तो फसलों को पर्याप्त पानी मिलने से बढ़ी राहत होती और किसानों की अन्य फसले खेतों में सूखने से बच जाती लेकिन अभी भी बारिश के पानी से फसलों को जीवनदान मिल गया है और फसले खेतों में जीवित हो गई है, जिससे किसानों में खुशी भी देखने को मिल रही है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को 24 घण्टे में दबोचा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कुड़ीला के अपराध क्रमांक 246/23 धारा 306, 34 भादवि में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण करने वाले आरोपीगण हरिराम लोधी पिता स्वामी लोधी, श्रीमति बति बाई लोधी पत्नि हरिराम लोधी सहित श्रीराम लोधी पिता हरिराम लोधी सभी निवासी धरमपुरा थाना कुड़ीला को बुधवार 6 सितम्बर को कायमी के 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय टीकमगढ पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक बृजेन्द्र सिहं घोषी थाना प्रभारी कुड़ीला, उप निरीक्षक आर. एल. कौल, प्रधान आरक्षक ऊदल सिंह, प्रधान आरक्षक मुन्नालाल, आरक्षक लक्ष्मण सिंह, आरक्षक नीरज पाल की महत्वपूर्ण व सराहनीय भूमिका रही।

# विकास और गरीब कल्याण महा अभियान का प्रचार रथ रवाना



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं विकास और गरीब कल्याण महाअभियान के लिए व्यापक प्रचार.प्रसार के उद्देश्य से जिले में प्रचार रथ को अपर कलेक्टर पीएस चौहान ने अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर तहसीलदार टीकमगढ़ जीएस ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आरके पस्तोर, सहायक सूचना अधिकारी जनसंपर्क विभाग सुश्री शैफाली तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि यह प्रचार रथ निर्धारित रुट चार्ट के अनुसार ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं विकास और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी देगा, जिससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने-अपने जनपद पंचायत के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए आईशर केंटर वाहन पर बड़ी एलईडी वाल भी लगाई गई है। जिसके माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर योजनाओं की उपलब्धियों से संबंधित आडियो विजुअल सामग्री व फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदेश भर में राज्य शासन की उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं को रेखांकित करने ये प्रचार रथ 40 दिनों तक भ्रमण करेंगे।

अपराध पर नकेल कसने थाना पुलिस तैयार

# अवैध शराब और अनैतिक कार्यों पर टीआई की नजर, ढाबों पर की जा रही चैकिंग



**पलेरा, देशबन्धु।** रात में पलेरा नगर क्षेत्र कितना सुरक्षित है, गश्त की क्या स्थिति है। यह देखने के लिए नवागत थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार बीती 6 सितम्बर बुधवार की रात अपनी टीम के साथ सड़क पर उतरे। उन्होंने नगर के कई वार्ड इलाकों का निरीक्षण करते हुए रात्रि गश्त में तैनात सुरक्षा कर्मियों से मुलाकात कर उनसे चर्चा की। गश्त के फिक्स प्वाइंट पर जाकर पुलिस कर्मचारियों की सजगता को देखा। बता दें कि नगर क्षेत्र में बढ़ते अपराध के ग्राफ को कम करने के लिए नवागत थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार नए-नए प्रयोग भी कर रहे है। लगातार नगर क्षेत्र के ढाबों पर की जा रही अवैध शराब की चेकिंग एवं रात्रि के समय सड़कों पर पैदल पुलिस के गश्त से नगर में बेहतर पुलिसिंग दिखाई दे रही हैं। नगर के नागरिकों द्वारा ऐसा माना जा रहा है कि नए थाना निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार काम के प्रति बहुत सख्त हैं। इधर शाम होते ही सभी थाना पुलिस कर्मचारी पैदल भ्रमण पर निकलते हैं। इसके साथ ही वाहन चेकिंग करते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों का पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ रहा है।

# धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का पर्व



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में गुरूवार को जन्माष्टमी पर्व की धूम रही। मंदिरों व घरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को मनाया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सुभाषपुरम कॉलोनी स्थित गौलोक धाम मंदिर में मटकी फोड़ कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। दरअसल, इस बार जन्माष्टमी पर्व दो दिनों तक मनाया जा रहा है। ब

ुधवार को युवा यादव समिति ने जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भजन संध्या और शोभायात्रा का आयोजन किया था। यात्रा के समापन पर मानस मंच में मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। आज नजरबाग मंदिर में रात 9 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। गुरुवार शाम सुभाष पुरम कॉलोनी स्थित गौ लोक धाम मंदिर में समिति के युवाओं ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा। इसमें बड़ी संख्या में मोहल्ले के श्रद्धालु शामिल हुए। युवाओं ने धार्मिक भक्ति गीतों पर नाचते गाते हुए मटकी फोड़ी और भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। इसके अलावा ज्यादातर घरों में भगवान श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव परिवार की ओर से आज 8 सितंबर को शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। शहर के नजरबाग मंदिर से शाम 4 बजे शोभायात्रा शुरू होगी। नगर भ्रमण के बाद नजरबाग में ही यात्रा का समापन होगा। यात्रा में भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक झांकियां, मुकुट और बांसुरी मुख्य आकर्षण के केंद्र होंगे।

दाऊ सरदार सिंह की स्मृति में निशुल्क चिकित्सा शिविर होगा आयोजित

# 65 चिकित्सक करेंगे मरीजों की जांच और इलाज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्वर्गीय दाऊ सरदार सिंह की स्मृति में आगामी रविवार 10 और 11 सितम्बर को छतरपुर मार्ग पर स्थित दाऊ सरदार सिंह बीएड कॉलेज (सुषमा पैट्रोल पंप के पास) प्रांगढ़ में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर की जानकारी देते हुए पूर्व विधायक व प्रदेश शासन के मंत्री यादवेंद्र सिंह ने पत्रकार वार्ता आयोजित करके बताया कि इस शिविर में पीपुल्स हॉस्पिटल के 65 चिकित्सक उपस्थित रहकर मरीजों की निशुल्क जांच एवं उपचार करेंगे। यह शिविर 10 और 11 सितम्बर को लगाया जाएगा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मेडीसन एवं सामान्य रोग विशेषज्ञों सहित हड्डी रोग, स्त्री रोग, छाती एवं श्वास रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, हृदय रोग, नाक, कान, गला रोग, सर्जरी एवं चर्म रोग विशेषज्ञ उच्च स्तरीय



मशीनों द्वारा मरीजों की सभी जांचे एवं निशुल्क औषधि वितरण करेंगे। शिविर में आने बाले मरीज को अपने साथ आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड अथवा समग्र आईडी लाना अनिवार्य होगा। हर मरीज के साथ एक संबंधी को आने की अनुमति रहेगी। श्री सिंह ने बताया कि शिविर में डॉक्टरों द्वारा परीक्षण के बाद चिंहित जटिल रोग एवं ऑपरेशन के मरीजों को शिविर स्थल टीकमगढ़ से पीपुल्स अस्पताल भोपाल तक लाया तथा वापिस भेजा जाएगा। इसमें निशुल्क आवास, भोजन, जांच, ऑपरेशन एवं दवाईयां शामिल रहेंगी। श्री सिंह ने मरीजों से अपनी पुरानी रिपोर्ट साथ में लाने का आग्रह किया है। बताया गया है कि इस शिविर में डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, ईको, सोनोग्राफी, डायबिटीज सहित सभी प्रकार की खून की जांच निशुल्क की जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूर्यप्रकाश मिश्रा, नपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार (पप्पू मलिक), नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजय नायक, पूर्व नपाध्यक्ष जब्बार खान, पिंटू जैन, रिंकू भदौरा, आलोक चतुर्वेदी, लक्ष्मण रैकवार, देवेंद्र नापित, अरविंद खटीक, अरविंद रजक आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### स्वीप प्लान के अंतर्गत छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई गई



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये निर्देशों के तहत स्थानीय चंद्रकांत सोनवलकर शासकीय जिला ग्रंथालय में स्वीप प्लान के अंतर्गत छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई गई। साथ ही मजबूत लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा की गई। स्वीप प्लान के सहायक नोडल अधिकारी डॉ आलोक सोनवरकर, ग्रंथपाल विपिन चौबे ने अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया। डॉ सोनवलकर ने कहा की पांच वर्ष में निर्वाचन करने का अवसर मिलता है लोकतंत्र की मजबूती सब की भागीदारी सुनिश्चित करने से संभव है। हम स्वयं और दूसरों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें यह संकल्प लें। इस अवसर पर रामगोपाल चौधरी, बीपी खरे, अर्जित खरे, उमेश तिवारी, श्याम यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

#### जन्माष्टमी श्रद्धाभाव के साथ मनाई

# घर-घर में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव, जगह-जगह फूटी मटकियां



**दमोह देशबन्धु।** जन्माष्टमी श्रीकृष्णा जन्माष्टमी पावन पर्व पर दिन में मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई रात्रि घर घर में मनाया गया जन्म उत्सव जिले भर में धूमधाम से मनाई गई । श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कई जगह निकालीं शोभायात्रा भजन संध्या कीर्तन हुआं आयोजन साथ ही मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समूचे जबेरा क्षेत्र में भी जन्माष्टमी पर्व की धूम रही। इस दौरान घरों में लोगों ने सुबह से उपवास रखा कृष्ण लीलाओं का वर्णन करती हुई फोटो का पूजन कर आरती की और प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम बीजाडोगरी में भी मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं हुई। जन्माष्टमी के अवसर पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव में मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई। जिसमें एक से बढ़कर एक टोलियों ने भाग लिया। शाम देर रात्रि तक मटकी फोड़ने का क्रम देर रात तक चलता रहा। अंत में अनुराग दुबे ने मटकी फोड़ दी। मटकी प्रतियोगिता में विजय हासिल कमेटी द्वारा श्री फल प्रतियोगिता राशि देकर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग उपस्थित रहे।

### रामकथा में श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया

**दमोह देशबन्धु।** कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर रामकृष्ण दोनो एक हैं एवं राम चरित्र मानस में श्रीकृष्ण लीला का समावेश एवं रामरचित के माध्यम से दानो चरित्रों का समानता पर प्रकाश डाला। जन्माष्टमी पर्व पर श्री राम कथा व्यास अरविंद दुबे ने राम चरित्र मानस में रामजी एवं कृष्ण भगवान की लीलाओं का अनूपम उपमा की दमोह में पहली बार रामचरित्र मानस 21 दिवसीय रामकथा वाटर प्ररूप डोम पंडाल में आयोजित की गई हैं। संयोजक पुरूषोत्तम चौबे हरिओम ने एवं कथा समिति ने सभी से कथा में धर्म लाभ लेने और उपस्थिति की अपील की हैं।

# कांग्रेस मन की नहीं दिल की बात करती है: टंडन



दमोह देशबन्धु। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जिन्होंने पिछले वर्ष 7 सितंबर से कन्याकुमारी से श्रीनगर तक हजारो किलोमीटर की पदयात्रा की थी उसी पदयात्रा की प्रथम वर्षगाठ पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि संसद में जब कांग्रेसी सांसद जनहित के मुद्दो को उठाते है तो सत्तसीन भाजपा द्वारा संसद सत्र दो तीन दिन में ही खत्म कर दिया जाता है जनता की आवाज उठाने ही उन्होंने ऐतिहासिक पदयात्रा की थी। विधायक अजय टंडन ने कहा कि मोदी जी मन की बात सुनाते है किन्तु राहुल जी दिल की बात करते है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मनु मिश्रा ने कहा कि पदयात्रा के दौरान वह सभी वर्गो के सभी धर्मो के लोग से गले लगाकर मिले शहर कांग्रेस अध्यक्ष कोमल अहिरवार ने कहा भाजपा ने उनकी सदस्यता रदद करवाई किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने न्याय करते हुए उनकी बहाली की। उसके बाद समस्त कांग्रेसजन कार्यालय से पदयात्रा करते हुए अम्बेडकर चौक एवं घंटाघर पहुंचकर बाबासाहेब एवं गांधी प्रतिमा पर पुष्पहार किया गया। इस अवसर पर हरमिन्दर राज्यपाल, अलीम खान, अनिल जैन, के.के. अग्रवाल, सतीश दुबे, अजय पारोचे, बिरजू दुबे, सहित सैकड़ो कांग्रेसजनो की उपस्थिति रहीं।

# पटवारियों की हड़ताल जारी, किया पौधारोपण



**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रादेशिक आवाहन पर दमोह में मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला शाखा द्वारा 28 अगस्त से निरंतर का कलम बंद हड़ताल का आयोजन किया जा रहा है। पटवारी साथियों की कलम बंद हड़ताल के दौरान गुरूवार 7 सितंबर जन्माष्टमी के अवसर पर सभी पटवारियों द्वारा सर्किट हाउस के पास जटाशंकर पहाड़ी पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें प्रेमनारायण मिश्रा, विशाल राय, सूरज पाठक, कुंज बिहारी दुबे, जयशंकर अठया, अरविंद द्विवेदी, महेंद्र राय, धनीराम अहिरवार, परसोत्तम विश्वकर्मा, ब्रजेश पटेल, राजेंद्र खरे, कुलदीप मिश्रा एवं अन्य पटवारियों द्वारा योगदान दिया गया। दमोह कलेक्ट्रेट के सामने पंडाल में बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे।

### चालीसवां मनाया



**दमोह देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहीदाने करबला हजरत इमाम हुसैन अ.स. का चालीसवां हुसैन टेकरी दरबार समन्ना दमोह म.प्र. में हुसैनी एकता कमेटी द्वारा मनाया गया। जिसमें मौलाना साहब ने मजलिस बयान की नोहा मरसिया पढे गये शियाने हैदर ए कर्रार ने मातम कर अपनी अकीदत पेश की। इस प्रोग्राम में स्थानीय एवं बाहर से आए अकीदत मंदों की उपस्थिति रही।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में लोकतंत्र पर शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत लगातार स्वीप गतिविधिया की जा रही हैं। इसी क्रम में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह में लोकतंत्र पर शपथ आयोजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्था के युवा मतदाताओं एवं उपस्थित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने और अपने परिवार, पड़ोस एवं गांव के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा लोकतंत्र के निर्माण में प्रभावी भूमिका होने का संदेश दिया। इस सामूहिक शपथ कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रार्थना से प्रशन्न होकर भगवान विष्णु ने लिया कृष्ण अवतार: पं संजय



**दमोह देशबन्धु।** नगर के सिंहवाहिनी माता मंदिर में पंडित संजय शास्त्री व समीपी कंकाली माता मंदिर में भागवताचार्य उमाशंकर शास्त्री ने कथा के चौथे दिन जन्माष्टमी पर्व के शुभ मुहूर्त में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस मे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव की कथा का प्रसंग सुन सभी भक्त नाच उठे। दोनो कथा स्थान पर कथा वाचक आचार्य शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का अवतार द्वापर युग के अन्त मे हुआ था जब धरती पर अधर्म का बोझ बढ़ता जा रहा था। राक्षसों ने धरती पर हाहाकार मचा रखा था। इस बात से बहुत परेशान हो कर धरती मां गाय का रूप धारण करके देवताओं के पास गई और उनसे कहा हे देवतागण मेरी रक्षा करें इस समय राक्षसों का आतंक मुझ पर बढ़ता जा रहा है इन्हें खत्म करें धरती मां की इस बात का देवताओं के पास कोई समाधान नहीं था। इस पर उन्होंने ब्रह्मा जी के पास जाने का निर्णय लिया और धरती मां के साथ सभी देवता ब्रह्मा जी के पास गए। वहां पहुंचकर उन्होंने ब्रह्मा जी से विनती की प्रभु, मेरे ऊपर से दैत्यों का यह भार कम करें मैं बहुत परेशान हो गई हूं ब्रह्मा जी ने उनकी तरफ देखा और कहा इसका उपचार सिर्फ भगवान विष्णु कर सकते हैं देवी आप उन्ही के पास जाइए ब्रह्मा जी का कहा मानकर उनके साथ धरती मां और सभी देवतागण, भगवान विष्णु के निवास क्षीर सागर पहुंचे। वहां पहुंचकर सभी ने उन्हें प्रणाम किया ओर प्रार्थना की जिसे सुनकर भगवान विष्णु ने कहा हे देवी परेशान न हो। मैं मनुष्य के रूप में पृथ्वी लोक पर अवतार लूंगा और पाप को खत्म करूंगा उनकी यह बात सुनकर धरती मां खुशी-खुशी वहां से चली गईं। इधर मथुरा में राजा उग्रसेन राज किया करते थे। वे दयालु राजा थे, लेकिन उनका बेटा कंस बहुत अत्याचारी और लालची था। उसे राजगद्दी का बहुत मोह था। एक दिन उनसे अपने बल से राजा उग्रसेन को सिंहासन से उतार कर जेल में डाल दिया और खुद राजा बन गया, लेकिन कंस अपनी चचेरी बहन देवकी से बहुत प्यार करता था। एक दिन देवकी की शादी राजा शूरसेन के पुत्र वसुदेव के साथ हुई। शादी के बाद जब कंस देवकी को विदा करने लगा, तभी आकाशवाणी हुई कि देवकी की 8वीं संतान उसका वध करेगी। इतना सुनते ही कंस के पैरों तले से जमीन खिसक गई और उसने देवकी और वसुदेव को जेल में डाल दिया। इसके बाद वह सोचने लगा कि देवकी की 8 संतानों में से कौन से नंबर का पुत्र मेरा वध करेगा इस असमंजस के कारण उसने देवकी की सभी संतानों को मारने का निर्णय लिया। एक-एक करके उसने देवकी की 6 संतानों को एक चट्टान पर पटक कर मार डाला। भगवान की योगमाया की योजना के अनुसार, शेषनाग देवकी की सातवीं संतान के रूप में जन्म लेने वाले थे। जब देवकी 7वीं संतान से गर्भवती थीं, तो देवताओं और योगमाया ने तरकीब से उस संतान को वसुदेव की पहली पत्नी रोहिणी के गर्भ में पहुंचा दिया गया था। बाद में इस संतान को श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम के रूप में जाना गया। इसके बाद भाद्र पद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में देवकी की आठवीं संतान ने जन्म लिया। उसके जन्म लेते ही सारे सैनिक अपने आप सो गए। देवकी और वसुदेव की हथकड़ियां खुल गई और जेल के दरवाजे भीअपने आप खुल गए। उन दोनों को कुछ समझ नहीं आ रहा था भगवान की इच्छानुसार इस पुत्र को गोकुल में नंदबाबा के यहां छोड़ आओ।उन्होंने ठीक वैसा ही किया। उन्होंने टोकरी में श्री कृष्ण को लेटाया और यमुना नदी के पार गोकुल में छोड़कर आ गए और वहां पालने में सोई बेटी को अपने साथ जेल में ले आए। वासुदेव के वापस आने के बाद सब कुछ पहले जैसा हो गया। हथकड़ियां और जेल के दरवाजे वापस लग गए और पहरेदार होश में आ गए।होश में आते ही सैनिकों ने देवकी की आठवीं संतान की खबर जाकर कंस को दे दी। कंस दौड़ता हुआ जेल आया और देवकी की गोद से उसकी संतान को छीन लिया। इसके बाद जैसे ही कंस ने उसे मारने के लिए हाथ से उठाया, वह उसके हाथ से छूटकर आकाश मे चली गई।

# स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों की हड़ताल समाप्त

**गैरतगंज, देशबन्धु।** जनपद पंचायत गैरतगंज में पदस्थ सीईओ को हटाने की मांग को लेकर बीते चार दिनों से सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों की चल रही हड़ताल स्वास्थ्य मंत्री के कार्रवाई के आश्वासन के बाद गुरुवार को समाप्त हो गई है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री हड़ताल स्थल पर पहुंचे जहां उन्हें ज्ञापन सौंपकर समुचित कार्रवाई की मांग की गई।

जनपद क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों एवं रोजगार सहायकों द्वारा सामूहिक रूप से जनपद पंचायत में पदस्थ सीईओ युक्ति शर्मा को हटाने को लेकर हड़ताल की जा रही थी। इस दौरान पंचायतों में तालाबंदी, पंचायतों के सभी काम बंद कर कलमबंद हड़ताल करते हुए जनपद परिसर में धरना दिया जा रहा था। गुरुवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी धरना स्थल पर पहुंचे तथा संगठनों के प्रतिनिधियों से मिले। उन्होंने उक्त मामले में जल्द ही समुचित कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान तीनो संगठन द्वारा एक ज्ञापन पत्र स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा गया। इसके पहले प्रशासनिक अमले में एसडीएम पल्लवी वैद्य, तहसीलदार अंबर पंथी भी धरना स्थल पर पहुंचे थे तथा बीच का रास्ता निकालकर हड़ताल समाप्त करने की अपील की गई थी। परन्तु सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक नहीं माने। बाद में स्वास्थ्य मंत्री खुद प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे ओर उनके द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई।

### खेतों में जंगली सुअरों ने मचाया उत्पाद

**मुलताई, देशन्धु।** ग्राम मयावाडी में इन दिनों जंगली सुअरों ने उत्पात मचा रखा है, वर्तमान समय में खेतों में लगी फसलों को जंगली सुअरों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ग्राम मयावाडी निवासी कैलाश पुत्र घासीराम डोंगरदिए, पप्पू पुत्र अनंत राव डोंगरदिए आदि ने बताया कि उन्होंने अपने खेतों में मूंगफली बोई थी। आसपास और भी किसानों ने अपने खेतों में मूंगफली आदि फैसले लगा रखी है। जंगली सुअरों का झुंड खेतों में आकर उनकी मेहनत पर पानी फेर रहा है।

# अच्छी बारिश के लिए गायत्री परिवार ने दी आहुतियां और मनाई जन्माष्टमी



**सारनी, देशबन्धु।** गायत्री परिवार शाखा रानीपुर ने जन्माष्टमी पर्व मनाया। गायत्री प्रज्ञापीठ रानीपुर में गायत्री यज्ञ का आयोजन भी किया गया।गायत्री यज्ञ में विश्व शांति,जन कल्याण के साथ अच्छी बारिश के लिए वरुण, गायत्री मंत्र की आहुतियां अर्पित की गई। यज्ञ का संचालन परिव्राजक पं.अनिल कुमार शुक्ला के माध्यम से किया गया। गायत्री परिवार के रविशंकर पारखे ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन दर्शन के बारे में भी सुंदर वर्णन किया और उनके बालक कथा से लेकर युवा अवस्था तक कथा और कहानियों के माध्यम से उपस्थित लोगों को जानकारी दी । इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक सुनील कुमार वर्मा,डॉ.लक्ष्मी नारायण मालवीय, दिलीप डांगे,रवि शंकर पारखे,गंगाराम पांडे,डॉ सुमित्रा मालवीय,लक्ष्मी देवी वर्मा,मुस्कान वर्मा,सुनीता सोनी,ममता पांडे सहित स्थानीय परिजन मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारीज ने किया जन्माष्टमी पर्व का आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** संपूर्ण नगर पालिका परिषद सारणी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष उल्लास के साथ भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर भगवान कृष्ण की झांकी निकाली गई। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सलैया से यादव समाज के माध्यम से शोभायात्रा निकालने का कार्य किया गया था। इसके अलावा ब्रह्मकुमारी आश्रम में जन्म अष्टमी के पावन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी आश्रम से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए बाल कलाकारों ने श्री कृष्ण की लीलाओं पर नृत्य एवं संगीत के माध्यम से बहुत सुंदर प्रस्तुति दी।

#### नगर में रही जन्माष्टमी की धूम, स्कूलों सहित कई जगह हुए आयोजन

# नंद घर आनंद भयो... के जयकारों के साथ निकाली शोभायात्रा



**हरदा, देशबन्धु।** नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल के उदघोषों के साथ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा गीता उपदेश, श्रीकृष्ण-राधिका की सजीव झांकियां एवं कृष्ण सुदामा, महारास करते हुए की चलित झांकियां निकाली गई। लगभग 2 किलोमीटर की शोभायात्रा काविभिन्न समाजसेवी एवं समविचारी संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा पर फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का समापन विद्यालय भवन में पूजन एवं महाआरती के साथ हुआ। शिशुवाटिका के नन्हें-मुन्हें छात्र-छात्राओं ने सजीवतापूर्ण श्रीकृष्ण-राधिका का स्वरूप धारण किया था। यहां भी विभिन्न झांकियां सजायी गई। शोभायात्रा के मार्ग में संस्कार केन्द्र के भैया-बहिनों की भी आकर्षक झांकियां प्रदशित की गई। शोभायात्रा में विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी, विद्यालय के अभिभावक, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में विद्यालयीन छात्र-छात्राएं शामिल थे। शोभा यात्रा में बैंड दलों का आकर्षक प्रदर्शन रहा। उच्चतर विभाग की छात्राओं ने महारास प्रस्तुत किया। शिशुवाटिका विभाग में पृथक से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव सम्पन्न हुआ। जिसमें वाटिका के नन्हे-मुन्हे छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**ज्ञान गंगा स्कूल में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव:** ज्ञान गंगा हायर सेकेंडरी स्कूल में बड़े धूमधाम से कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया । नन्हे मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण, वासुदेव, सुदामा, कंस, यशोदा, नंद बाबा, देवकी आदि का रूप धारण करके विद्यालय आये। विधिवत आरती पूजन करने के पश्चात डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सजीव झांकी के साथ शोभा यात्रा स्कूल परिसर से निकलकर मेजर जोशी कॉलोनी, शिक्षक कॉलोनी, तवा कॉलोनी, बड़ी सिंधी कॉलोनी, महाराणा प्रताप चौक, नेहरू स्टेडियम, जिला पंचायत होते हुए वापस संस्था में आगमन हुआ, शोभा यात्रा का नगर में जनता जनार्दन द्वारा जमकर पुष्प वर्षा एवं फलाहार से स्वागत किया गया। अंत में संस्था प्राचार्य एवं समस्त ज्ञान गंगा स्कूल परिवार ने नगर की जनता जनार्दन, पुलिस प्रशासन एवं समस्त पालकों का आभार व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात माखन मिश्री के प्रसाद वितरण के बाद यात्रा का समापन किया गया।



**शोभायात्राओं का नपा ने स्वागत किया:** नगर पालिका द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्मउत्सव पर नगर में निकाली सरस्वती शिशु मंदिर,गाडरी समाज एवं गुरु जम्भेश्वर भगवान के 573 वें जन्मोत्सव पर निकली सभी शोभायात्राओं का स्वागत किया गया। जिसमें भाजपा अध्यक्ष अमर सिंह , सांसद प्रतिनिधि राजू कमेडिया, पार्षद लोकेश राव मराठा, मनोज महलवार, ओमप्रकाश मोरछले, संदीप पाराशर, विनोद गुर्जर ,राहुल अग्रवाल, दीपक चौबे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पर्चा तो बहाना है, पूरे भारत को हनुमान जी का बनाना है: पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री

## कथा के दूसरे दिन दिव्य दरबार में उमड़े लाखों लोग



**खुरई, देशबन्धु।** दुनिया में एक ही शक्ति बाला जी हनुमान के रूप में कलियुग में संकटमोचन के लिए विराजमान है। साधु संतों को जो पाखंडी और मंदिरों को शक्तिहीन कहने वालों और हली उल्लाह कहने वालों को हम ललकार कर कहते हैं कि सनातन धर्म में बागेश्वर की शक्तियों का सामना करने में तुम्हें नानी याद आ जाएगी। सत्य सनातन इतना पावर फुल है कि दुनिया का कोई मजहब सनातन के सूर्य की किरणों के तेज का सामना नहीं कर सकता। यह ओजपूर्ण वक्तव्य बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री ने खुरई में एक दिवसीय दिव्य दरबार के प्रारंभ में उमड़े लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दिया। दिव्य दरबार में लगभग 30 अर्जियां स्वीकार कीं और उनसे संबंधितों को मंच पर दरबार में बुलाकर समस्या का उपाय बताया। मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने कथा पंडाल में बागेश्वर सरकार की आरती व स्वागत किया। धूप दीप नैवैद्य से व्यासपीठ के शास्त्र और मंच पर विराजे बाला जी सरकार का पूजन करने के पश्चात उन्होंने खुरई को आज पुन: अन्नपूर्णा नगरी का संबोधन देते हुए अपने आत्मीय खुरई के पागलो बुला कर अपना संबोधन आरंभ किया। महाराज जी ने साधो जी. सीताराम् सन्यासघ बाबा और श्री प्रेतराज की जय के साथ आज जन्माष्टमी के पर्व पर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारे भी लगवाए। उन्होंने कहा कि पर्चों और मूर्तियों से समस्याओं का समाधान नहीं होता बल्कि भगवान का चरित्र जीवन में अंतरतम में उतार लेने से समस्या का समाधान होता है। जीवन में चमत्कार तभी होगा जब स्वयं को बाला जी के चरणों में समर्पित कर दो। पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री ने कहा है कि तुम सब इसलिए परेशान रहते हो क्योंकि समाधान के लिए कई विकल्पों, दरवाजों पर दस्तक देते हो। आप सभी हमारे दरबार में धक्के खाने नहीं आएं। मैं इसलिए नहीं बुलाता कि मुझे तालियों, जयकारों की आवश्यकता है बल्कि मैं तो आप सभी के भीतर बैठे हनुमान को जगाने आया हूं। जीवन में कुछ पाना है, कौतुहल, क्रांति चमत्कार लाना है जीवन में तो तुम स्वयं को बागेश्वरधाम जाकर हनुमान जी के चरणों में समर्पित करके कहना कि आज से तुम हमारे और हम तुम्हारे हो गये। हमारा पर्चा तो बहाना है, पूरे भारत को हनुमान जी का बनाना है। अब भारत में बजरंग बली की ही चलेगी।




### कथास्थल पर मनाया ठाकुर जी का जन्मोत्सव

पं श्री धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री ने जन्माष्टमी पर श्री ठाकुर जी कन्हैया जी का जन्मोत्सव मनाया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी धर्म का मर्म जानने वाले हैं और उनका धर्म साक्षात प्रभुश्री राम हैं। कितना अच्छा सौभाग्य है कि हम वर्ष 2023 के भाद्रपद मास में अष्टमी के पुण्य मुहूर्त पर द्वापर युग के धरती भू के भार का हरण करने वाले बंसी बजैया भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्मदिवस को मना रहे हैं। हम और आप इस शुभ मुहूर्त पर भगवान की कथा गा रहे हैं, सुना रहे हैं, सुन रहे हैं। हमारे पूर्वज स्वयं को आज धन्य मान रहे होंगे कि उनका कोई वंशज यहां भगवान की कथा में बैठा है। इसके लिए ही हमने बड़े पुण्यों से मानव तन पाया है। इंसान रूप में जन्म तो मिला लेकिन इंसान हो गया बेईमान, उसका हरिभजन में सिर दुखता है। परमात्मा को सबकी खबर है, बेखबर की भी उसे खबर है। हम तो काया कुटिया में किराए से रह रहे हैं, परमात्मा ही सबकी डोर पकड़े हुए है। कथा के द्वितीय दिवस वनमंत्री विजय शाह, जिला पंचायत सागर की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह, महापौर संगीता तिवारी सहित समस्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह सहित लाखों की संख्या में जनता ने कथा श्रवण किया।

# मंत्री गोपाल भार्गव ने 25-25 लाख से बनने वाले सामुदायिक भवनों का किया भूमि पूजन



**गढ़ाकोटा, देशबन्धु।** नगर पालिका द्वारा आयोजित सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों की भूमि पूजन समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री पं. गोपाल भार्गव ने भूमिपूजन किया। यह सामुदायिक भवन बनने से शिवाजी वार्ड, अंबेडकर वार्ड, सुभाष वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड के लोगों को कार्यक्रम करने में सुविधा होगी। वार्ड के निवासियों की सुविधा के लिए बनवाया जा रहा है। अपनी ओर से 200 कुर्सी एवं बर्तन, वरमाला के लिए सोफा देने की घोषणा की। ताकि कोई भी कार्यक्रम हो तो उसके लिए आप सभी को किराए से सामग्री ना लेना पड़े इसके लिए सामग्री दे रहा हूं। जैसे ही यह भवन बनेगा उसी दिन सामग्री उपलब्ध करा के दे दूंगा। यहां प्राचीन गणेश मंदिर है मैं 10-12 साल की उम्र से यहां आता रहा हूं प्रभु से ही प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद हम सभी के ऊपर बना रहे। कोई दुख, दर्द, पीड़ा, क्लेश किसी के ऊपर ना आए। भगवान सबके लिए आनंदित रखें। जिस मोहल्ले, वार्ड से मेरा जन्म भर का संबंध रहा है उसका कोई भी आदमी दुखी कष्ट मैं नहीं रहेगा। जिस गरीब से मेरा जन्म भर का संबंध रहा है। आपको कोई कष्ट होगा तो गोपाल भार्गव के हृदय में पीड़ा होगी। कभी कल्पना नहीं कर सकते थे कि इतनी बड़ी राशि इस भवन निर्माण के लिए मिल सकती थी। कभी कल्पना नहीं कि थी कि हर गरीब को ढाई ढाई लाख रुपए मकान बनवाने के लिए सरकार देगी। गढ़ाकोटा नगर में 7800 महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि महिलाओं को घर बैठें डेढ हजार रुपए मिलेंगे। अगर घर में दो-तीन बहने-सास है तो डेढ़ डेढ़ हजार के हिसाब से कुल 6 हजार रुपए महीने मिलेंगे। अगले महीने से फिर से फॉर्म भरने शुरू हो रहे हैं। 1984 से लगातार मुझे आप सभी ने विधायक बनाया। आपके सुख सुविधा जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम हम करेंगे। हम जानते हैं कि यह बहुत ही गरीब तबके के मोहल्ले हैं।

उज्जैन की तर्ज पर गढ़ाकोटा नगर में 70 करोड़ रुपए की लागत से एक नया रिवर फ्रंट बनाया जा रहा है। जो कोलू घाट से लेकर पुल के आगे तक बनेगा। जो पर्यटन स्थल जैसा बनेगा। जिसे देखने के लिए सागर दमोह के लोग यहां आएंगे। मैं अपनी जन्मभूमि का कर्ज उतारने का हमेशा काम करता हूं। इसमें सभी देवी देवता की मूर्तियां सहित रोशनी की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में दिनेश लहरिया, हरिनारायण पटेल, मनोज तिवारी, बसंत यादव, सीमारानी साहू, संजय खटीक सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। मंच संचालन विक्की जैन एवं आभार सीएमओ धनंजय गुमास्ता ने व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### प्रो. आर के नामदेव ने गौर पीठ को दान दिये एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रूपये



**सागर, देशबन्धु।** दान और ज्ञान लोगों में प्रेरणा से बढ़ता रहता है। डॉ. गौर के प्रति लोगों की भावनायें इतनी समर्पित हैं कि सेवा निवृत्ति के बाद भी विश्वविद्यालय और डॉ. हरीसिंह गौर के प्रति श्रद्धा रखते हैं और शिक्षा के लिये दान हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। इसी श्रखंला में प्रो .आर के नामदेव, पूर्व विभागाध्यक्ष गणित एवं सांख्यिकी ने डॉ. गौर पीठ के लिये एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रूपये की राशि दान स्वरूप भेंट की। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता एवं गौर पीठ के समन्वयक प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत को उन्होंने दान राशि का चैंक भेंट किया।

### शारदा खटीक ने वाहन रैली का स्वागत किया



**सागर, देशबन्धु।** जिला पंचायत सदस्य शारदा खटीक ने यादव समाज द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर निकल गई विशाल वाहन रैली का कबूला पुल शनि मंदिर के पास स्वागत किया धर्म प्रेमियों को फल खिलाकर, जल पिलाकर, फूल बरसा कर हजारों धर्म प्रेमियों का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में शारदा खटीक के साथ जित्तू खटीक पार्षद, निखिल चौकसे, किशोरी लाल खटीक, रिंकू खटीक, ललित खटीक, सौरभ अहिरवार, सचिन अहिरवार आदि मौजूद थे।

# भारत जोड़ो यात्रा ने देश में प्रेम का संदेश दिया: राजकुमार पचौरी



**सागर, देशबन्धु।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा का आरंभ कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन गौर मूर्ति से आरम्भ हुई जो कटरा मस्जिद होते हुए भगवानगंज स्थित अम्बेडकर मूर्ति पर समाप्त हुई। जहां शामिल लोगो का सम्मेलन किया गया। सेवादल अध्यक्ष द्वय सिंटू कटारे एवं महेश जाटव सहित सेवादल के साथी हाथो में राष्ट्रीय ध्वज को थामकर चल रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए राजकुमार पचौरी ने कहा कि देश के युवाओं की आवाज राहुल गांधी द्वारा की गई ऐतिहासिक पदयात्रा ने देश को प्रेम और भाई चारे का संदेश दिया। इस पदयात्रा से देश में सद्भावना का माहौल बना है। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि कांग्रेस जोड़ने का काम करती है और भाजपा नफरत फैलाकर तोड़ने का काम करती है। राहुल गांधी ने लोगो को जोड़ा है। जिला शहर प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि कांग्रेस अलग-अलग फूलो का गुलदस्ता है, जिसमे संपूर्ण देश समाया है, भाजपा की सांप्रदायिक नीतियों के कारण देश में वैमनस्यता का जहर फैल रहा है, राहुल गांधी की इस ऐतिहासिक यात्रा ने लोगो में आपसी प्रेम का संदेश दिया है। प्रदेश महासचिव मुकुल पुरोहित ने कहा कि राहुल गांधी ने इस यात्रा से मोहब्बत की जो दुकान खोली है उसने देश के लोगो का दिल जोड़ा है।

वरिष्ठ नेता पुरषोत्तम मुन्ना चौबे एवं सुरेन्द्र सुहाने ने भारत जोड़ो यात्रा दिवस की महत्ता को बताया। सभा का संचालन सुरेंद्र चौबे ने तथा आभार जितेंद्र रोहण ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कैलाश सिंघई, डॉ. संदीप सबलोक, अखिलेश मोनी केशरवानी, चक्रेश सिंघई, देवेंद्र खटीक, राकेश राय, राहुल चौबे सहित सेकड़ो लोग इस पदयात्रा में शामिल हुए।

### बीजेपी सरकार धर्म गुरुओं और धर्म कथाओं को लेकर राजनीति व पक्षपात पर उतरी



**सागर, देशबन्धु।** मप्र की बीजेपी सरकार अब धर्म गुरुओं और धर्म कथाओं को लेकर राजनीति व पक्षपात करने पर उतर आई है। बीजेपी सरकार के इशारों पर इनका जनसंपर्क विभाग भी इस तरह के पक्षपात से न केवल धर्म गुरुओं बल्कि सनातन धर्म का भी अपमान कर रहा है। ये आरोप मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने लगाए, उन्होंने कहा कि जिले के खुरई में बागेश्वर धाम बालाजी सरकार पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा के समाचार को सरकार के जनसंपर्क विभाग ने सरकारी स्तर से प्रसारित करने का सराहनीय तो कार्य किया है। लेकिन छिंदवाड़ा में कमलनाथ द्वारा आयोजित पं. प्रदीप मिश्रा की कथा को प्रसारित नहीं करने से धर्मगुरुओं की स्पष्ट रूप से उपेक्षा कर न सिर्फ उनका अपमान किया बल्कि धर्म को लेकर सरकार के दोहरे रवैये को भी साफ तौर पर प्रदर्शित किया है।

# बंडा रोड पर यात्री बस पलटी



**सागर, देशबन्धु।** बहेरिया थाना क्षेत्र में बंडा रोड पर कर्रापुर के पास यात्री बस क्रासिंग के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार करीब 13 यात्री घायल हुए हैं। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार खुशबू ट्रैवल्स की बस छतरपुर से सागर सवारी लेकर आ रही थी। इसी दौरान सागर-बंडा रोड पर कर्रापुर के पास सामने से आ रहे प्रचार वाहन से क्रासिंग करते समय बस अनियंत्रित हो गई। बस प्रचार वाहन से रगड़ते हुए सड़क किनारे बनी खंती में पलट गई। दुर्घटना के दौरान मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना देख राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। बस में फंसे यात्रियों को लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाला। घटना में बस में सवार करीब 13 यात्री घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ज्यादातर यात्रियों को छुट्टी दे दी गई है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बहेरिया थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि बंडा रोड पर यात्री बस प्रचार वाहन से रगड़ते हुए पलटी है। घटना में घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा है। यात्रियों को मामूली चोटे आई हैं। मामले में बस चालक के खिलाफप्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# भारत जोडो यात्रा के एक वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीण कांग्रेस ने निकाली पैदल यात्रा




**सागर, देशबन्धु।** भारत जोडो यात्रा के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार के नेतृत्व में मकरोनिया चौराहा से रजाखेड़ी तक पद यात्रा निकाल कर नफरत छोडो भारत जोडो का संदेश आमजन तक पहुंचाया। डॉ. आनंद अहिरवार ने कहा कि भाजपा केवल और केवल छूट और फरेव के दुकान चला रही है किसानों के साथ छलावा कर रही हैं जहां किसानो की फसले बरबाद होने की कगार पर है शिवराज सिंह चौहान अपनी विकास यात्रा में मस्त है घंटो लाईट कटौती हो रही है हमारे अन्न दाता किसान परेशान है लाईट कटौती के वजह से खेतो में पानी नही दे पा रहे है। प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सुहाने ने कहा कि आज जन्माष्टमी है आज ही के दिन भारत जोडो यात्रा का एक वर्ष पूर्ण हुआ है। यह शुभ संकेत है कांग्रेस के लिए कि भगवान श्रीकृष्ण के आज जन्मदिन है आज के दिन पाप का अंत करने भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। प्रदेश महासचिव शारदा खटीक ने कहा कि अब पाप का घडा भर चुका है इस बार जनता मन बना चुकी है। शिवराज सिंह की विदाई करके कांग्रेस की सरकार बनाइए। प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी ने कहा कि शिवराज सरकार केवल बैनर और पोस्टर मे दिखाई देती है जमनी पर शिवराज सिंह का जनाधार खिसक चुका है इस चुनाव मे जनता मुंहतोड़ जबाब देकर शिवराज सरकार को सबक सिखाएगी। आभार देवेन्द्र कुर्मी ने किया। इस अवसर पर अभिषेक गौर, नीरज मुखारीया, दीपक दुबे, महेश जाटव आदि सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंसी महिला

**बीना, देशबन्धु।** बीना रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोग उस समय सकते में आ गए, जब एक चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही महिला का पैर फिसल गया। वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में फंस गई। महिला को लोगों की सतर्कता से बचाया जा सका। जानकारी के मुताबिक आयशा खान 49 निवासी जहांगीराबाद भोपाल जो बीना के जीआरपी थाने के पीछे प्लेटफार्म नंबर 2 से चलती हुई मेमू ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच में फंस गई। प्लेटफार्म पर खड़े यात्री महिला की चीख पुकार सुनकर दौड़े और उसे खींचकर निकाल लिया। हादसे में महिला को कमर में हल्की चोट आई है। आयशा खान चलती हुई मेमू ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। उसे भोपाल तक जाना था। आयशा को लगा कि ट्रेन अभी धीमी गति में चल रही है और वह चढ़ सकती हैं। लेकिन चढ़ते समय उनका पैर फिसल गया। वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में बने गैप में फंस गईं। वह पूरी तरह से उसमें फंस गई थीं। ट्रेन स्पीड पकड़ने लगी थी। तभी वहां मौजूद लोगो ने महिला का हाथ खींचकर बाहर निकाला।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पर शिशु मंदिर बना गोकुलधाम: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर मोतीनगर में जन्माष्टमी के अवसर पर अपने परंपरागत उत्सव को मानते हुए नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित श्री कृष्ण रूप सज्जा एवं अभिनय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्ष 2018 और 2022 में प्रदेश की प्रवीण्य सूची मैं स्थान प्राप्त करने वाली पूर्व छात्र गरिमा रूसिया एवं सुरभि साहू उपस्थित थी, विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा 180 श्री कृष्ण स्वरूप की आरती की गई और उसके अलावा भैया बहनों ने बाल गोपाल स्वरूप के साथ राधा, कृष्ण, सुदामा बलदेव के विभिन्न स्वरूप में सज्जा कर उनका अभिनय कर अभिभावकों का मन मोह लिया। श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने जमकर प्रस्तुति दी और उत्साह के साथ पूरा कार्यक्रम श्री कृष्णमय हो गया। इस आयोजन में मुस्लिम बच्चो ने भी भगवान श्री कृष्ण का रूप रखकर धार्मिक सौहाद्र की भावना पेश की। कार्यक्रम को विधायक शैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि जन्माष्टमी के पावन पर्व पर बच्चों को संस्कार देने की दिशा में प्रभु श्री कृष्ण की जो मनोरम रूप रखकर प्रस्तुति दी है वह अपने आप में अकल्पनीय है। सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारों की जननी है जिस तरह आज के समय में सभी विद्यालय अंग्रेजी सभ्यता की ओर भाग रहे हैं वही हमारे शिशु मंदिर बच्चों में संस्कार डालने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य विनोद दुबे, क्रांति चौकसे, वंदना कुशवाहा, मीनू प्रजापति, विनीत मिश्रा, सरिता पांडे, कीर्ति पांडे, अंजू देवलिया, मनीष खरे उपस्थित थे।

# क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह केक काटकर और पौधारोपण कर मनाया मंत्री राजपूत का जन्मदिन




**सागर, देशबन्धु।** भगवान श्रीकृष्ण से मेरी यही प्रार्थना है कि अंतिम क्षण तक जनता की सेवा करता रहूं और आगे भी मुझे इतना संबल दें कि मैं क्षेत्र और प्रदेश की सेवा इसी तरह से करता रहूं। आप सभी से मुझे जो स्नेह और आशीर्वाद मिला है। इसके लिए मैं और पूरा राजपूत परिवार सदा आभारी रहेगा। यह बात मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर कही। मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी मेरी कर्मभूमि है। क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद से ही मैं आज यहां तक पहुंचा हूं। मेरा संकल्प है कि सुरखी विधानसभा प्रदेश की उन विकसित विधानसभाओं में शामिल हो, जहां हर एक परिवार खुशहाल और समृद्ध जीवनयापन कर रहा है। जिसको लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कृष्ण जन्माष्टमी और मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। बुंदेली परम्परा के साथ उनके शुभ चिंतकों ने स्वागत किया। वहीं बुंदेली लोक गीत कलाकारों ने कार्यक्रम के दौरान लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। सुबह से लेकर देर शाम तक हजारों लोगों ने उनका स्वागत करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। वहीं सुरखी विधानसभा में अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण एवं केक काटकर खुशियां मनाई और मंत्री राजपूत की दीर्घ आयु की कामना की। आकाश राजपूत और उनकी टीम ने जरूरतमंदों को कपड़े और सामग्री का वितरण किया। आकाश राजपूत द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह राजपूत और जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे युवाओं का उत्साह बढ़ाया। काफी मशक्कत के बाद सिमरिया के अंकित सिंह ने मटकी फोड़ी। विजेता को नकद पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया गया।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।